www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 69 || अम्बेडकरनगर
रविवार
31 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
दैनिक
# तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
मौसम
सूर्योदय: 05:13
सूर्यास्त: 06:55
अधिकतम: 34°00
न्यूनतम: 25°00



पेज 07

विशेष समाचार | सीबीएसई का मूल्यांकन ... >>पेज 04 | ट्रम्प की बेटी टिफनी ने पति के ... >>पेज 06 | बॉबी देओल ने वैभव सूर्यवंशी ...

## 10% फ्यूल सरचार्ज बढ़ा, जून से 100 रुपए का बिल अब 110 आएगा, लोग बोले- यह खुली लूट

# यूपी में महंगी हुई बिजली

बढ़ोत्तरी



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में बिजली संकट के बीच अब उपभोक्ताओं को बढ़े बिल का झटका लगने वाला है। अगले महीने (जून) से बिजली महंगी होने जा रही है। यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) ने 10% फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (FPPAS) लगाने का आदेश जारी किया है।

सीधा मतलब है कि उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत ज्यादा बिल चुकाना होगा। अगर किसी का बिजली बिल 100 रुपए आता है, तो उसे 110 रुपए चुकाने होंगे। वहीं, उपभोक्ता परिषद ने इस पर नाराजगी जताई है। आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

उन्होंने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (UPERC) ने टैरिफ आदेश में बिजली खरीद की वास्तविक लागत 4.94 रुपए प्रति यूनिट मंजूर की थी। मार्च- 2026 में पावर कॉरपोरेशन ने करीब 5.86 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद दिखाई है। इस तरह उपभोक्ताओं पर करीब 1610 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार डाला गया है।

उन्होंने कहा- मार्च, 2026 में इतनी महंगी बिजली किन परिस्थितियों में खरीदी गई और किन निजी बिजली उत्पादक कंपनियों से बिजली ली गई, इसकी जांच कराई जाए। लगातार निजी बिजली उत्पादकों से अधिक दरों पर बिजली खरीदी जा रही है। मार्च महीने के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के करीब 1400 करोड़ रुपए के दावों को भी जोड़ दिया गया है।

### उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष बोले- महंगी बिजली कमर तोड़ देगी

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली महंगी करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा- इससे पहले फरवरी- 2026 में सीधे 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज की वसूली की जा चुकी है। प्रदेश की जनता भीषण गर्मी, बिजली संकट और बढ़ती महंगाई से परेशान है। ऐसे में बिजली दरें बढ़ाना आम उपभोक्ताओं की कमर तोड़ने वाला साबित होगा।



### उपभोक्ता परिषद बोला- आदेश पर तत्काल रोक लगे


सीएम योगी और ऊर्जा मंत्री से मांग है कि फरवरी और मार्च- 2026 के आधार पर लागू किए जा रहे 10% फ्यूल सरचार्ज पर तत्काल रोक लगाई जाए। पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### क्यों बढ़े बिजली के दाम

बिजली विभाग के मुताबिक, बिजली बनाने और इसकी खरीद में आने वाली अतिरिक्त लागत की वजह से फ्यूल सरचार्ज लगाया गया है। जिससे इसकी भरपाई की जा सके। मिडिल ईस्ट संकट के बीच फ्यूल की कीमतें आसमान छू रही हैं। पेट्रोल-डीजल समेत अन्य चीजें के दामों में बढ़ोतरी की गई है। इस बीच यूपी में अब बिजली के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं। दरअसल, FPPAS (फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज) का मतलब है कि जब बिजली उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले ईंधन या बिजली खरीदने की लागत बढ़ जाती है। तो उसकी भरपाई के लिए यह अतिरिक्त शुल्क उपभोक्ताओं के बिल में जोड़ा जाता है।



तस्वीर लखनऊ की है, जहां बिजली कटौती से नाराज लोग सड़कों पर उतर आए थे।



उपभोक्ता परिषद का कहना है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 51 हजार करोड़ रुपए से अधिक का सरप्लस पहले से मौजूद है। ऐसे में अतिरिक्त बिजली दरों का भार डालने से पहले पूरे मामले को विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा जाना चाहिए था।

# राजस्थान के 5 जिलों में रेतीला बवंडर, दिन में अंधेरा छाया

## पाकिस्तान से उठे तूफान ने बदला मौसम, यूपी-बिहार में आंधी-बारिश से 48 मौतें

अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर रेतीला तूफान आया है। इसके कारण करीब 200 वर्ग किलोमीटर के एरिया प्रभावित हुआ। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के रेतीले तूफान की शुरुआत हुई। इस दौरान 60 से 80 kmph की रफ्तार से आंधी चली। रेतीले तूफान के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तूफान के कारण दिन में लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ गई। इसके कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें लोग भागकर घरों में जाते दिखे और घरों को बंद कर लिया। >> (शेष पेज 06 पर)



### मानसून 7 दिनों में केरलम पहुंचेगा

मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 7 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस साल मानसून के सामान्य से कमजोर रहने का अनुमान भी जताया है। IMD के मुताबिक जून से सितंबर तक देश में औसतन सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इस बार मानसून सीजन में 78 सेंटीमीटर बारिश होने का अनुमान है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# बंगाल में अभिषेक बनर्जी से मारपीट


## अंडे फेंके, शर्ट फाड़ी, चोर-चोर के नारे लगाए, हेलमेट पहनाकर निकालना पड़ा

घटना

- शासक हत्यारे बन गए- भाजपा को शर्म आनी चाहिए -ममता बनर्जी
- फर्जी हस्ताक्षर मामले में आज सीआईडी का समन मिला था

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। >> (शेष पेज 06 पर)



अभिषेक बनर्जी शनिवार को सोनारपुर में चुनावी हिंसा के पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे थे।



### सोनारपुर में चुनाव के बाद हिंसा हुई थी

दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित सोनारपुर बेहत संवेदनशील इलाका माना जाता है। यहां टीएमसी और बीजेपी के बीच चुनावों के दौरान और बाद में राजनीतिक हिंसा होती रही हैं। विधानसभा चुनाव 2026 के बाद मई में हुई हिंसा में सोनारपुर में एक टीएमसी कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। वहीं सोनारपुर के कामराबाद नस्करपाड़ा इलाके में भाजपा कार्यकर्ता सौमेन दास के घर में आग लगा दी गई थी। सोनारपुर दक्षिण से भाजपा की रूपा गांगुली विधायक हैं। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी उम्मीदवार अरुंधति मैत्रा (लवली मैत्रा) को हराया था।

> पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा-देखो उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह पहले से प्लान था। इलाके में कोई पुलिस नहीं है। वे मुझे मारना चाहते हैं। हेलमेट की वजह से सिर बच गया। ऐसे हमलों से हम डरेंगे नहीं। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है।

फास्ट न्यूज

### औवेसी बोले- नमाज और अजान के मुद्दे जानबूझकर उठाए जाते

हैदराबाद। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को हैदराबाद में ईद मिलाप कार्यक्रम में आरोप लगाया कि नमाज और अजान से जुड़े मुद्दे जानबूझकर मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए उठाए जाते हैं।

संघर्ष विराम

### आर्मी चीफ बोले- भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार

पुणे/दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे पर कैसे जवाब देता है। आज पास होने वाले अफसर अपने करियर की शुरुआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें। आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए।

### केरलम, कर्नाटक, तमिलनाडु में 19 जगहों पर एलआईए की छापेमारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने शनिवार को केरलम, कर्नाटक और तमिलनाडु में 19 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई केरलम के मलप्पुरम जिले में अवैध विस्फोटक बरामदगी मामले की जांच के तहत की गई।

## राजनाथ सिंह ने सीएम की तारीफ की, कहा- जिस तरह यूपी को संभाला, वह मिसाल

# रक्षामंत्री के साथ युद्धपोत के अंदर गए सीएम योगी



उद्घाटन

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में शनिवार को सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा- यूपी कभी वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया के नाम से जाना जाता था। इन्वेस्टर्स यहां आने से डरते थे। लेकिन अब यूपी बदल चुका है। सीएम योगी ने यहां के बिगड़े हुए लॉ एंड ऑर्डर को जिस तरह संभाला, वह अपने आप में मिसाल है। सीएम ने यूपी की छवि वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के रूप में पेश की। रक्षामंत्री ने नौसेना शौर्य वाटिका का उद्घाटन किया। वे सीएम योगी के साथ रिटायर्ड युद्धपोत INS गोमती के अंदर गए और अफसरों से युद्धपोत के बारे में जानकारी ली। INS गोमती को वाटिका में रखा गया है। >> (शेष पेज 06 पर)



### बीजेपी विधायक बोले- युवाओं को म्यूजियम जागरूक करेगा

सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा- यह म्यूजिम युवाओं को जागरूक करेगा। उन्हें सेनाओं के प्रति प्रेरित करेगा। मैं इस म्यूजियम के लिए विभाग को धन्यवाद देता हूं।

> डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश, भारत के रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बना रहा है इसके लिए भी मैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को बहुत ही बधाई देता हूं
> - राजनाथ सिंह

# सीयूईटी यूजी परीक्षा में दिक्कत

## एनटीए ने मांगी माफी, कई केंद्रों पर एग्जाम में देरी

घमासान

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। देश में पहले से ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर भारी घमासान मचा हुआ है और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी चौतरफा विवादों से घिरी है. इसी बीच, आज यानी 30 मई 2026 को एनटीए की एक और परीक्षा सीयूईटी यूजी 2026 के परीक्षा केंद्रों पर भारी अव्यवस्था देखने को मिली. देश के कई परीक्षा केंद्रों पर सुबह की शिफ्ट का पेपर अपने तय समय पर शुरू नहीं हो सका, जिससे सेंटर्स के बाहर तपती धूप में खड़े उम्मीदवारों और उनके माता-पिता का गुस्सा फूट पड़ा।

>> (शेष पेज 06 पर)



### एनटीए ने जताया खेद, हेल्पलाइन नंबर और ईमेल जारी

पहले से ही विश्वसनीयता के संकट से जूझ रही एनटीए ने इस घटना के तुरंत बाद उम्मीदवारों और अभिभावकों को हुई मानसिक परेशानी और असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है. इसके साथ ही, किसी भी तरह की शंका, शिकायत या मदद के लिए एनटीए ने हेल्पलाइन नंबर और आधिकारिक ईमेल आईडी भी जारी की है. उम्मीदवार और पेरेंट्स किसी भी अपडेट के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर नजर बनाए रख सकते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एनटीए के ट्वीट के नीचे कमेंट सेक्शन में कई उम्मीदवार आज की सीयूईटी यूजी परीक्षा रद्द होने की जानकारी दे रहे हैं. इन उम्मीदवारों ने कमेंट में लिखा है कि नोएडा के सेक्टर 64 समेत कई केंद्रों में परीक्षा शुरू ही नहीं हुई

# आईएसआई-दाऊद नेटवर्क से जुड़े आठ लोग गिरफ्तार

## सरकारी इमारतों पर हमले की साजिश नाकाम

शिकंजा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI, दाऊद इब्राहिम और शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पाकिस्तान में बने हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि ये लोग दिल्ली, मुंबई, पंजाब और चंडीगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थल, सरकारी इमारतें, मंत्रालय और सुरक्षाबल पर हमले की साजिश रच रहे थे। ये आतंकी मॉड्यूल लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब फंडिंग सोर्स, मास्टरमाइंड और स्थानीय मददगारों की तलाश कर रही हैं। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तर प्रदेश का विजय उर्फ शूटर, झारखंड का नितीश पासवान, महाराष्ट्र के तौकीर रिजवान अहमद शेख और साजिद महबूब शेख उर्फ अरबाज खान, पंजाब के हरविंदर सिंह, गगनदीप सिंह और मनजीत सिंह और नेपाल का नागरिक आंग कामी लामा शामिल हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



- दिल्ली पहुंचने से पहले दबोचा गया पंजाब मॉड्यूल
- नेपाल और थाईलैंड जेल कनेक्शन का खुलासा

## बैठक : सिद्धारमैया ने नाम बढ़ाया, उनका बेटा भी मंत्री बनेगा, राज्य को 4 डिप्टी सीएम भी मिलेंगे

# शिवकुमार होंगे कर्नाटक के 24वें सीएम

तमसा संकेत, एजेंसी

बेंगलुरु । कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार अब राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बनेंगे। बेंगलुरु में शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।


कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 3 जून की शाम डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बैठक में बाद शिवुकमार ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक CM के साथ-साथ कैबिनेट भी बदलेगी। मौजूदा कैबिनेट से 10 मंत्री हटाए जा सकते हैं। नई कैबिनेट में सिद्धारमैया और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे भी शामिल होंगे। 4 डिप्टी CM भी बनाए जा सकते हैं। शिवकुमार 'सीएम रोटेशनल फॉर्मूला' के तहत मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। सिद्धारमैया 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे हैं। आज की बैठक में कर्नाटक कांग्रेस इंचार्ज रणदीप सुरजेवाला, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। >> (शेष पेज 06 पर)



बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई, इसमें डीके शिवकुमार को दल का नेता चुना गया।

### डीके के पास 1400 करोड़ की संपत्ति, मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ भी जा चुके

कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर नेताओं में हैं। उनके पास 1413 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। वह रियल एस्टेट, खनन, होटल कारोबारी भी हैं। दिलचस्प ये है कि इतनी संपत्ति के बावजूद उनके चुनावी हलफनामे में एक टोयोटा क्वालिस कार दर्ज है। 263 करोड़ का कर्ज भी है। 1962 में बेंगलुरु के पास कनकपुरा में जन्मे डीके वोक्कालिगा समुदाय से हैं। वह कनकपुरा से ही विधायक हैं। कांग्रेस में उनकी पहचान ऐसे नेता की है जो पार्टी विधायकों को टूटने से बचाते हैं। किसी भी बड़े ऑपरेशन, चुनाव मैनेजमेंट, प्रचार या गुप्त रणनीतियों के लिए जिस वित्तीय और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट की जरूरत होती है, उसे वे बखूबी मैनेज कर लेते हैं।



नई दिल्ली में शुक्रवार को मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर सिद्धारमैया ने अपने बेटे यतींद्र और डीके शिवकुमार के साथ लंच किया।

## 75 में अलर्ट, 24 घंटे में 31 मौतें, मौसम विभाग की चेतावनी- अगले 3 घंटे में तूफान आएगा

# यूपी के 4 शहरों में आंधी-बारिश

**मौसम**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ कानपुर। यूपी में नौतपा के बीच 2 दिन से आंधी-तूफान और बारिश से मौसम बदल गया है। शनिवार को प्रदेश के ज्यादातर शहरों में बादल छाए हैं। ठंडी हवाओं की वजह से ज्यादा गर्मी नहीं है। तापमान में 10C तक की गिरावट रिकॉर्ड की गई है। 28 मई को बांदा का तापमान 47.5C रिकॉर्ड किया गया था। जो अब 37C तक पहुंच गया है। लखीमपुर-खीरी, बहराइच, सहारनपुर और मेरठ में दोपहर 3 बजे आंधी चली। फिर बारिश शुरू होने लगी। असमान में काले बादल छाने से दिन में अंधेरा छा गया। आज सभी प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी में अगले घंटों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले, गुरुवार देर रात और शुक्रवार को लखनऊ समेत पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। कच्चे मकानों की दीवारें गिर गईं। टिनशेड उड़ गए। सैकड़ों पेड़ गिर गए। चित्रकूट में 500 तोतों की मौत हो गई। बारिश-आंधी से हुए नुकसान पर CM योगी ने संज्ञान लिया है। अधिकारियों को फील्ड में उतरने को कहा है। आंधी-तूफान की वजह से हुए हादसों और बिजली गिरने से प्रदेश में 31 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 15 मौतें बुंदेलखंड में हुईं। इनमें हमीरपुर में 6, बांदा में 3, महोबा-उरई-जालौन में 2-2 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा कौशांबी में 4, सहारनपुर-देवरिया में 2-2, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, बलिया, महाराजगंज, मथुरा, उन्नाव, फतेहपुर और रामपुर में एक-एक की जान गई।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नम हवाओं से यूपी में मौसम बदल गया है।

### बिजनौर में धूलभरी आंधी के बाद बारिश, दिन में छाया अंधेरा

बिजनौर के चांदपुर क्षेत्र में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। पहले धूलभरी आंधी चली, जिसके बाद बारिश शुरू हो गई। काले बादलों से आसमान पूरी तरह ढक गया और दिन में ही अंधेरे जैसे हालात बन गए।

विजिबिलिटी कम होने पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर सफर करना पड़ा। आंधी-तूफान के दौरान एहतियात के तौर पर कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई।

> **मुरादाबाद में शनिवार शाम करीब 5:45 बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली। दिनभर तेज धूप और उमस के बाद आसमान पर काले बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।**



चित्रकूट में तूफान की वजह से 500 तोतों की मौत हो गई। भारी बारिश और तेज हवा में पेड़ की टहनी टूटने से जान चली गई।

## 8 साल के बच्चे पर 4 क्विंटल का गेट गिरा मौत

### लखनऊ के डे केयर में खेलते समय हादसा

**तमसा संकेत, एजेंसी**



शिवा कश्यप, मृतक

लखनऊ। लखनऊ में सरकारी बचपन डे केयर सेंटर में 8 साल के बच्चे की गेट से दबकर मौत हो गई। वह अपने भाई-बहनों के साथ खेल रहा था। तभी करीब 4 क्विंटल से ज्यादा वजन का जर्जर गेट उसके ऊपर गिर गया। ये देख दूसरे बच्चे रोने-चिल्लाने लगे। बच्चे को बचाने दौड़े लोग जब तक में गेट हटा पाते तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थीं। बच्चे की पहचान बहराइच के बंजारी मोड़ धन्नीपुर के विक्रम कश्यप के बेटे शिवा के रूप में हुई। मां उसके शव को चादर पर रखकर रोने लगीं। बोलीं- छुट्टी पर नानी के यहां आया था। अब कभी नहीं लौटेगा। बच्चे के मामा का आरोप है कि डे केयर का गेट काफी जर्जर था, जिससे हादसा हुआ। घटना महानगर थाना क्षेत्र स्थित निशातगंज की है।

वहां मौजूद लोगों ने गेट हटाने का प्रयास किया लेकिन वजन ज्यादा होने की वजह से गेट उठाया नहीं जा सका। ऐसे में बच्चा काफी देर तक गेट के नीचे दबा रहा। इससे उसकी मौत हो गई। बच्चों की मौत के बाद परिजनों का रोना-बिलखना शुरू हो गया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मासूम के ननिहाल के लोग भी पहुंचे। मामा राहुल ने बताया- 4 दिन पहले ही दीदी ललिता बच्चों के लेकर यहां आई थीं। जीजा चेन्नई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उन्हें घटना की जानकारी दी गई है। वह भी लखनऊ के लिए निकल चुके हैं।

**फास्ट न्यूज**

### गाजियाबाद में किसान-मजदूरों का हंगामा

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर में भारतीय किसान मजदूर मोर्चा ने हंगामेदार प्रदर्शन किया। महंगाई, नीट परीक्षा पेपर लीक और सड़कों की बदहाली के विरोध में तहसील मुख्यालय धरना दिया। यह प्रदर्शन मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. बबली गुर्जर, महिला विंग अध्यक्ष नीरज प्रजापति और महासचिव राहुल प्रधान के नेतृत्व में किया गया।

### प्रयागराज में सपा ने तहसील का घेराव किया

प्रयागराज । समाजवादी पार्टी ने बढ़ती महंगाई, बिजली-पानी की समस्या, किसानों की परेशानियों और युवाओं के मुद्दों को लेकर फूलपुर तहसील में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान तहसील गेट पर नेताओं और पुलिस प्रशासन की तीखी नोकझोंक हुई । जिलाध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में प्रतापपुर विधायक विजमा यादव , पूर्व सांसद धर्मराज पटेल एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव, अमरनाथ मौर्य समेत सैकड़ों सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सपा कार्यकर्ता सिलेंडर, पोस्टर और बैनर लेकर महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राजकीय पशु चिकित्सालय से जुलूस की शक्ल में तहसील गेट पहुंचे।

### गोरखपुर में बादलों ने दिलाई गर्मी से राहत

गोरखपुर। गोरखपुर में शनिवार को मौसम सुहावना बना हुआ है। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और धूप नहीं निकलने से लोगों को गर्मी व उमस से काफी राहत मिली। मौसम में आए इस बदलाव ने लोगों को राहत पहुंचाई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## प्रदूषण का पर्यावरण के साथ ही साथ मानव जीवन पर, पड़ता है व्यापक प्रभाव

**तमसा संकेत, संवाददाता**



बाराबंकी । प्रदूषण देश की विकराल समस्या बन चुकी है जिसका पर्यावरण के साथ ही साथ मानव जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है बढ़ रहे प्रदूषण के चलते मानव से लेकर पशु पक्षियों के जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं इसके लिए जिम्मेदार कौन है ? प्रदूषण राष्ट्र की एक जटिल समस्या बन चुकी है हमारे चारों ओर की दूषित पारिस्थितिकी हमारे जीवन पर व्यापक प्रभाव डालती है प्रदूषण रूपी चादर ने समस्त प्राणियों को लपेट कर उन पर गहरा प्रभाव डालना शुरू कर दिया है दूषित पदार्थों के प्रवेश करने के कारण प्राकृतिक संतुलन में पैदा होने वाले दोषों से प्रदूषण उत्पन्न होता है जिसमें हवा पानी मिट्टी आदि का अवांछित द्रव्यों से दूषित होना , जिसका सजीवों पर प्रत्यक्ष रूप से दूषित प्रभाव पड़ता है इससे पारिस्थितिकी तंत्र को काफी नुकसान होता है वस्तुतः परिणाम यह है कि आज हमें कोई वस्तु शुद्ध रूप से नहीं प्राप्त होती है न तो स्वच्छ हवा मिल पाती न ही पीने का शुद्ध पानी प्राकृतिक संपदाओं के अंधाधुंध दोहन के चलते मानव शुद्ध ऑक्सीजन के लिए तरस रहा है आज संपूर्ण पर्यावरण ही दूषित हो चुका है। सवाल यहीं कि जनपद में वन विभाग गठित टीमों के द्वारा कई आरा मशीनों की 26 मई 26 को जांच की गयी तद शीशम, नीम आम आदि का भण्डारन पाया गया। कोई वैद्य कागज नहीं प्राप्त। इसी तरह वाहनों के कान फोड़ने वाले हानों वाहा पंत्रो के बजने से जहां ध्वनि प्रदूषण फैलता वहीं कारखानों की चिमनियों से गिट्टी के प्लांटों से मेंथा की टंकियों से पराली के जलाने से प्लास्टिक के कचरे को फूकने से गाड़ी के धुए से वायु प्रदूषण फैलता है ।

### प्रयागराज में हिस्ट्रीशीटर ने दिनदहाड़े फायरिंग की

प्रयागराज। प्रयागराज के झूंसी में दिनदहाड़े हिस्ट्रीशीटर ने बाजार में स्कॉर्पियो से उतरते ही असलहा लहराया। इसके बाद फायरिंग की। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हिस्ट्रीशीटर वहां से फरार हो गया।

मामले में दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि कुछ दिनों पहले उसने हिस्ट्रीशीटर पर एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी रंजिश में उसने यह वारदात की। उध पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। पूरा मामला शनिवार सुबह 11 बजे के करीब झूंसी थाना क्षेत्र का है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, झूंसी में लाल चौक के पास दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। बात पहले गालीगलौज से शुरू हुई और इसके बाद मारपीट होने लगी। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो से आए हिस्ट्रीशीटर ने असलहा निकालकर फायरिंग शुरू कर दी।

## अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए

# 28 करोड़ की परियोजनाओं का एडीएम ने किया निरीक्षण



**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। घाघरा नदी के कटान और संभावित बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से रामनगर तहसील के कुसौरा क्षेत्र में संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का शनिवार को अपर जिलाधिकारी (एडीएम) निरंकार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार, रामनगर तहसील के बाढ़ प्रभावित गांव कुसौरा, तेवराइनपुरवा और तपेसिपाह में बाढ़ खंड विभाग द्वारा लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से तीन महत्वपूर्ण बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं के अंतर्गत नदी के कटान को रोकने तथा ग्रामीण आबादी, कृषि भूमि और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा के लिए स्पर (ठोकर) निर्माण, परक्यूपाइन संरचनाओं की स्थापना, मिट्टी भराई तथा सीमेंट के खंभों के माध्यम से सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम निरंकार सिंह ने कार्यस्थल पर मौजूद अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों से निर्माण कार्य की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने पर विशेष जोर दिया। एडीएम ने कहा कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों का सीधा संबंध क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की सुरक्षा से है, इसलिए परियोजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

> **उपजिलाधिकारी रामनगर आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार विपुल सिंह तथा बाढ़ खंड अधिकारी शशिकांत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने एडीएम को परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया।**

## प्रतियोगिता का विषय 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' रखा गया था

# विश्व पर्यावरण महोत्सव : पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**





बरेली। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा Environment, Agriculture and Education Society (EAES), Bareilly एवं BRIJ Vigyan Bharti के सहयोग से आयोजित "7-दिवसीय विश्व पर्यावरण महोत्सव – 2026" के द्वितीय दिवस पर पोस्टर निर्माण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबन्धन समिति के सचिव श्री देवमूर्ति के संरक्षण, प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय के निर्देशन तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक डॉ. अतुल यादव एवं पूर्व निदेशक प्रो. ए.पी. सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का विषय "प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" रखा गया था। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी, द्वितीय वर्ग में स्नातक (UG) तथा तृतीय वर्ग में स्नातकोत्तर (PG) एवं पीएच.डी. स्तर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण तथा सतत विकास जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर एवं चित्र प्रस्तुत किए।

> **विभागाध्यक्ष प्रो. जसपाल सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में कला एवं सृजनात्मक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनकर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।**

### 1 जून को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा

प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों तथा उनके समाधान को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत कृतियों ने प्रकृति संरक्षण के प्रति युवाओं की संवेदनशीलता एवं जागरूकता को दर्शाया। कार्यक्रम में पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. अनामिका अग्रवाल, प्रो. निष्ठा सेठ एवं प्रो. गौरव भूषण की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजन को सफल बनाने में शोधार्थी अंजली, आफरी, मुकेश, माहिरा का विशेष सहयोग रहा। सोमवार 1 जून 2026 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।

# ब्रह्मदेव शुक्ला का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया गया

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मांडा, प्रयागराज। ग्राम पंचायत बभनी हेठार, मांडा में डीजीएस ग्रुप के डायरेक्टर ब्रह्मदेव शुक्ला उर्फ रबीड़ी भैयार का जन्मदिन समाजसेवा और धार्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई तथा सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता नीरज द्विवेदी द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने ब्रह्मदेव शुक्ला के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बुल्ले मिश्रा, सत्यम दुबे (SLC), संतोष दुबे रतन शर्मा, लोकनाथ सोनकर, अतुल यादव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता नीरज द्विवेदी ने कहा कि डीजीएस ग्रुप के डायरेक्टर बड़े भैया ब्रह्मदेव शुक्ला मेज़ा विधानसभा के कुंवरपट्टी गाँव मे जन्मे और माँ शीतला के आशिर्वाद स्वरुप मुम्बई में मेज़ा क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं l DGS ग्रुप समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि मेजा विधानसभा क्षेत्र में ब्रह्मदेव शुक्ला के छोटे भाई जनसेवक राजू शुक्ला के नेतृत्व में गरीब एवं असहाय कन्याओं के विवाह, वृक्षारोपण अभियान, जरूरतमंदों कंबल वितरण, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, की सहायता तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि समाजहित में निरंतर कार्य करने वाले ब्रह्मदेव शुक्ला का जन्मदिन सेवा और संस्कारों के साथ मनाना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव एवं सौभाग्य का विषय है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी उपस्थित लोगों ने DGS ग्रुप के साथ समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**समारोह : कार्यक्रम का संचालन प्रो. अजीता द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं भावपूर्ण ढंग से किया गया**

# 33 वर्षों की गौरवशाली सेवाओं के उपरांत प्रो. ए.पी. सिंह को भावभीनी विदाई

> **उप-प्राचार्या प्रो. वंदना शर्मा ने कहा कि प्रो. सिंह एक कुशल प्रशासक, उत्कृष्ट शिक्षक एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने सदैव संस्थानहित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया और अपने व्यवहार से सभी का सम्मान अर्जित किया।**

**तमसा संकेत, संवाददाता**




बरेली। बरेली कॉलेज, बरेली एवं Faculty of Self Finance Courses द्वारा प्रो. ए.पी. सिंह पूर्व डायरेक्टर (Self Finance Courses) एवं पूर्व विभागध्यक्ष पर्यावरण विज्ञान विभाग के सम्मान में उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर एक भव्य, गरिमामयी एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के केंद्रबिंदु एवं सम्मानित व्यक्तित्व प्रो. ए.पी. सिंह रहे। समारोह में प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय, उप-प्राचार्या प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. अनीता सिंह सहित महाविद्यालय परिवार, विभिन्न स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्षों, शिक्षकगण, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर उनकी 33 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक एवं प्रशासनिक यात्रा को नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत उद्बोधन एवं प्रो. ए.पी. सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित विशेष प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अजीता द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं भावपूर्ण ढंग से किया गया। इस अवसर पर प्रो. अनामिका अग्रवाल ने महाविद्यालय परिवार की ओर से प्रो. ए.पी. सिंह की 33 वर्षों की उल्लेखनीय शैक्षणिक एवं प्रशासनिक यात्रा का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रो. सिंह ने अपने सेवाकाल में एक शिक्षक, प्रशासक, मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करते हुए संस्थान की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को भावुक कर दिया

इस अवसर पर प्रो. ए.पी. सिंह की धर्मपत्नी प्रो. अनीता सिंह (बी.एड. विभाग) की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और अधिक भावनात्मक बना दिया। उपस्थित सभी लोगों ने उनके प्रति भी सम्मान व्यक्त करते हुए परिवार के सहयोग और योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रो. ए.पी. सिंह के जीवन, उपलब्धियों एवं महाविद्यालय के प्रति उनके योगदान पर आधारित विशेष स्लाइड प्रस्तुति प्रदर्शित की गई, जिसमें उनके 33 वर्षों के सेवाकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रेरणादायी क्षणों को प्रदर्शित किया गया। प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को भावुक कर दिया और अनेक पुरानी यादों को ताजा कर दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. राजेंद्र सिंह, प्रो. वीना सक्सेना, प्रो. शालिनी, प्रो. जसपाल सिंह, प्रो. निष्ठा सेठ, प्रो. गौरव भूषण, प्रो. सारा बसु, डॉ. महेश जोशी, डॉ. योगेश शर्मा, प्रो. हेमा खन्ना, प्रो. प्रतिभा शर्मा, प्रो. मीनाक्षी त्रिपाठी, प्रो. तृप्ता वर्मा, प्रो. शालिनी नगाइच, प्रो. अमिता गुप्ता, प्रो. सुविधा शर्मा, प्रो. रोमा सक्सेना, प्रो. सारा बासु, डॉ. महमूद हुसैन सहित अनेक शिक्षकों एवं सहयोगियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने प्रो. सिंह के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए उनकी कार्यनिष्ठा, अनुशासनप्रियता, दूरदर्शिता, नेतृत्व क्षमता एवं सहयोगात्मक व्यक्तित्व की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सभी ने कहा कि प्रो. सिंह केवल एक शिक्षक या प्रशासक नहीं, बल्कि एक ऐसे मार्गदर्शक रहे हैं जिन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव एवं व्यवहार से असंख्य विद्यार्थियों और सहकर्मियों के जीवन को प्रभावित किया है।

### वाराणसी में बकरीद पर 280 टन लीद-पचौनी

वाराणसी। बकरीद के त्योहार पर शहर में सफाई और अपशिष्ट निस्तारण को लेकर नगर निगम ने विशेष इंतजाम किए। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्ट को समय पर उठाने के लिए शहर में 79 स्थान चिह्नित किए गए थे, जहां 94 वाहन लगाए गए। इन वाहनों के जरिए अपशिष्ट को शहर से बाहर करसड़ा डंपिंग स्टेशन पहुंचाकर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया गया। इसके साथ ही संबंधित इलाकों में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि बकरीद के दौरान मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में कुर्बानी के बाद बड़ी मात्रा में लीद-पचौनी और अन्य जैविक अपशिष्ट निकलता है। इसके निस्तारण के लिए इस बार नगर निगम ने पहले से ही व्यापक तैयारी की थी। उन्होंने बताया कि बकरीद और उसके अगले दिन तक नगर निगम ने चिह्नित 79 स्थानों से करीब 280 टन अपशिष्ट एकत्र कर उसका निस्तारण कराया। इस अभियान में डीपी कंटेनर, कॉम्पैक्टर, हॉपर, टाटा एस, ट्रैक्टर-ट्रॉली, लोडर और डंपर समेत 94 वाहन लगाए गए थे।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

### सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी निगरानी को लेकर दिए निर्देश

**तमसा संकेत, संवाददाता**



बाराबंकी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार, बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सर्वप्रथम कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात अधिकारी द्वय ने कारागार के भीतरी परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार के कंट्रोल रूम पहुँचकर वहाँ से संचालित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया और निर्देश दिए कि कारागार की सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू एवं क्रियाशील रहें तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी को तत्काल दूर किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला बैरक, पुरुष बैरक, गौशाला एवं कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया। बैरकों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था का परीक्षण किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया।

### 30 जून 2026 तक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश, जिले के सभी लाभार्थी किसानों को सूचना

# पीएम किसान योजना: अब हर साल करानी होगी ई-केवाईसी

**नियम**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रहे किसानों के लिए ई-केवाईसी अब हर वर्ष कराना अनिवार्य होगा। उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और केवल पात्र एवं जीवित लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी लाभार्थी किसानों को वर्ष में एक बार ई-केवाईसी अवश्य करानी होगी। यदि निर्धारित अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराई गई तो आगामी किस्तों का भुगतान रोका जा सकता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत किसान नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर बॉयोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते हैं।



> फेशियल ई-केवाईसी के लिए किसान पीएम किसान मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा ग्राम नोडल अधिकारी (वीएनओ) या कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की सहायता से भी यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

#### किसानों के लिए उपलब्ध हैं दो प्रमुख विकल्प

किसानों की सुविधा को देखते हुए ई-केवाईसी की प्रक्रिया के लिए कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। लाभार्थी किसान अपनी सुविधा के अनुसार इनमें से किसी भी माध्यम का उपयोग कर सकते हैं।

#### समय पर ई-केवाईसी नहीं कराने पर रुक सकता है भुगतान

कृषि विभाग के अनुसार सभी लाभार्थी किसानों को 30 जून 2026 से पहले ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। निर्धारित समय सीमा तक प्रक्रिया पूरी नहीं होने की स्थिति में संबंधित किसान अपात्रता की श्रेणी में आ सकता है। ऐसी स्थिति में योजना की आगामी किस्तों के भुगतान पर भी रोक लगाई जा सकती है।

#### अधिक जानकारी के लिए यहां करें संपर्क

ई-केवाईसी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए किसान अपने नजदीकी विकास खंड स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार, उप कृषि निदेशक कार्यालय अम्बेडकरनगर अथवा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# जिला सैनिक बंधु बैठक में उठे सैनिक कल्याण के अहम मुद्दे

### 14 प्रार्थना पत्रों पर हुई सुनवाई, छह मामलों का मौके पर निस्तारण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान तथा सैनिक कल्याण से जुड़े विषयों पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इसमें प्रशासन, पुलिस, जिला सैनिक कल्याण विभाग और स्टेशन मुख्यालय अयोध्या के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड, राज्य सैनिक बोर्ड तथा अन्य मुख्यालयों से प्राप्त दिशा-निर्देशों और नीतिगत पत्रों की जानकारी दी। पिछली बैठक में प्राप्त तीनों प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की पुष्टि भी की गई। बैठक के दौरान कुल 14 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। अधिकारियों ने एक-एक मामले पर संबंधित विभागों से चर्चा कर कार्रवाई की। इनमें से छह मामलों का निस्तारण बैठक के दौरान ही कर दिया गया, जबकि शेष आठ मामलों को अगली बैठक तक निस्तारित करने का लक्ष्य तय किया गया। पूर्व सैनिकों को यह भी बताया गया कि व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए वे सीधे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में नए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भवन की साज-सज्जा के लिए बजट उपलब्ध कराने, अधिकारी एवं कर्मचारी आवास निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक की स्थापना तथा जिले में एनसीसी बटालियन शुरू करने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।



> बैठक में शहीद स्थल के निर्माण कार्य से संबंधित नए आगणन पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने नगर पालिका को टी-55 टैंक की रंगाई-पुताई और साफ-सफाई कराने के साथ ही प्रमुख तिराहों और चौराहों पर स्थापित प्रतिमाओं के रखरखाव के निर्देश दिए।

**फास्ट न्यूज**

### 25 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने दबोचा

अम्बेडकरनगर। जहांगीरगंज पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए लूट और आपराधिक साजिश के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार की रात क्षेत्र में सीमा चेकिंग और गश्त अभियान चलाया जा रहा था।

### विवाहिता को जिंदा जलाने के मामले में पति और देवर को उम्रकैद

अंबेडकरनगर । अहिरौली क्षेत्र में वर्ष 2016 में विवाहिता को जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राम विलास सिंह की अदालत ने पति अमरनाथ राजभर और देवर जगन्नाथ राजभर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। दोनों दोषियों पर 17-17 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।मामला रोहनापारा गांव का है। यहां के निवासी प्रेमशंकर राजभर ने 2016 में अहिरौली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

### खड़हरा गौशाला की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

अम्बेडकरनगर। कटेहरी विकासखंड की खड़हरा ग्राम सभा स्थित गौशाला एक बार फिर चर्चा में है। गौशाला की व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने कई सवाल उठाए हैं। हाल ही में सामने आए एक वीडियो के बाद गौवंशों की देखभाल, चारा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जांच की मांग तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो दो दिन पुराना है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा आज भारी वाहनों का डायवर्जन

तमसा संकेत, संवाददाता



> परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए अकबरपुर, टांडा, जलालपुर और बसखारी में विशेष यातायात व्यवस्था लागू

अम्बेडकरनगर। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के मद्देनजर रविवार को जिले में व्यापक यातायात व्यवस्था लागू की गई है। परीक्षार्थियों के सुरक्षित और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर भारी वाहनों के लिए डायवर्जन व्यवस्था प्रभावी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर अकबरपुर, टांडा, जलालपुर और बसखारी थाना क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात का दबाव कम रखने के लिए कई प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। आजमगढ़ और बसखारी से अयोध्या जाने वाले भारी वाहन न्यौतरिया बाईपास, गोहन्ना चौराहा, पहतीपुर श्रवण क्षेत्र और अन्नावा मार्ग से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। अयोध्या से आने वाले वाहनों के लिए भी यही मार्ग निर्धारित किया गया है। बस्ती और टांडा से अकबरपुर की ओर आने वाले भारी वाहनों को कटरिया याकूबपुर से बाईपास मार्ग पर डायवर्ट किया जाएगा। इसके अलावा मालीपुर रोड बाईपास, जलालपुर रोड बाईपास, न्यौतरिया बाईपास, कटरिया याकूबपुर बाईपास, भिखारीपुर मोड़, फायर सर्विस चौराहा, गोहन्ना चौराहा और अन्नावा तिराहा पर भी डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी।

### डॉ. अंबेडकर प्रतिमा के सामने जुटे सपा कार्यकर्ता, कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

# महंगाई, आरक्षण मुद्दों को लेकर सपा का कलेक्ट्रेट पर धरना

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । शनिवार को समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर के सामने डॉ. अंबेडकर प्रतिमा के पास धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमत, पीडीए आरक्षण व्यवस्था, आरक्षित सीटों में कथित अनियमितता, पेपर लीक, महंगाई और कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पीडीए वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद समाजवादी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। इसमें विभिन्न मांगों और आरोपों को शामिल किया गया। धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्थिति पर निगरानी रखी गई ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। धरना-प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनमें राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद लालजी वर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक राम अचल राजभर, पूर्व मंत्री एवं टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा और आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त शामिल रहे।



> सपा नेताओं ने इस आंदोलन को पीडीए के अधिकारों की लड़ाई बताया। उनका कहना था कि पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और नारेबाजी की।



#### पीडीए आरक्षण और पेपर लीक पर उठे सवाल

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि आरक्षण व्यवस्था में अनियमितताएं बढ़ रही हैं और परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। नेताओं ने यह भी कहा कि डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस, यूरिया और डीएपी जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता प्रभावित हो रही है। महंगाई और भ्रष्टाचार के कारण जीवन पर असर पड़ रहा है।

### सरयू नदी के चाडीपुर घाट पर बालू खनन को लेकर विवाद

अंबेडकरनगर । राजेसुल्तानपुर क्षेत्र स्थित सरयू नदी के चाडीपुर घाट पर बालू खनन को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने खनन गतिविधियों से नदी की धारा प्रभावित होने और घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होने का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन कार्य के कारण सरयू नदी के प्रवाह में बदलाव हुआ है, जिससे चाडीपुर घाट पर पानी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। पहले जहां लोग आसानी से स्नान और पूजा-पाठ करते थे, अब वहां पानी तक पहुंचने के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अंतिम संस्कार जैसे धार्मिक कार्यों में भी कठिनाई बढ़ी है और लोगों को वैकल्पिक घाटों का सहारा लेना पड़ रहा है।

### डेंगू-मलेरिया के आंकड़े समय पर अपलोड न करने पर कार्रवाई

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान अप्रैल माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में मलेरिया और डेंगू की जांच एवं उपचार से संबंधित अद्यतन आंकड़े वेक्टर जनित रोग कार्यक्रम पोर्टल पर समय से उपलब्ध न कराए जाने का मामला सामने आया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा जिला मलेरिया अधिकारी का वेतन अगले आदेश तक बाधित करने के निर्देश दिए। साथ ही निजी चिकित्सालयों में होने वाली डेंगू और मलेरिया जांच की शत-प्रतिशत प्रविष्टि यूडीएसपी पोर्टल पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी एंबुलेंसों का औचक निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध संसाधनों, उपकरणों और कर्मचारियों की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अलावा एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पांस टाइम में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने बैठक में जानकारी दी कि जनपद के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपकेंद्रों पर आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान में किसी भी सरकारी चिकित्सालय में दवाओं की कमी नहीं है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



**टीकाकरण और एंबुलेंस सेवाओं पर विशेष जोर**

#### नवजातों के पंजीकरण और पूर्ण टीकाकरण पर जोर

टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद की सभी प्रसव इकाइयों में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात का ई-कवच और यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सभी पात्र बच्चों और लाभार्थियों को पूर्ण टीकाकरण से आच्छादित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# श्रवण धाम में गंदगी मिलने पर दो सफाईकर्मी निलंबित

### कटेहरी ब्लॉक के चिउटीपारा ग्राम सभा का मामला, जांच के आदेश जारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिलाधिकारी के स्थलीय निरीक्षण के बाद बड़ी कार्रवाई की गई है। श्रवण धाम चिउटीपारा ग्राम सभा में साफ-सफाई में लापरवाही पाए जाने पर दो सफाईकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से की गई है।

जानकारी के अनुसार, 15 मई 2026 को जिलाधिकारी ने विकास खंड कटेहरी स्थित ग्राम पंचायत चिउटीपारा के श्रवण धाम स्थल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पौराणिक स्थल पर भारी गंदगी पाई गई।

स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को बताया कि सफाईकर्मी नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं करते हैं, जिससे स्थल की स्थिति खराब बनी रहती है। निरीक्षण में गंदगी मिलने और लापरवाही के आरोप में सफाईकर्मी सर्वेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। वह ग्राम पंचायत चिउटीपारा में तैनात थे। मामले की जांच सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), भीटी को सौंपी गई है। इसी तरह दूसरे सफाईकर्मी कृष्ण कुमार को भी निलंबित किया गया है। वह भी इसी ग्राम पंचायत में तैनात थे। इनकी जांच की जिम्मेदारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), अकबरपुर को दी गई है। निलंबित सफाईकर्मी सर्वेश कुमार सिंह को नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह राशि अर्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन के बराबर होगी। इसके साथ महंगाई भत्ता भी नियमानुसार दिया जाएगा। निलंबन अवधि में उन्हें विकास खंड कटेहरी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक रहेगी। दोनों मामलों में आरोप है कि श्रवण धाम जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर नियमित सफाई नहीं की गई। जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की है।



# शहजादपुर सब्जी मंडी को खाली करने का अंतिम नोटिस

तमसा संकेत, संवाददाता

अकबरपुर। शहजादपुर स्थित सब्जी मंडी को लेकर नगर पालिका परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। पालिका ने मंडी क्षेत्र में कारोबार कर रहे सब्जी विक्रेताओं, ठेला और पटरी दुकानदारों को तीन दिन के भीतर स्थान खाली करने का अंतिम नोटिस जारी किया है। नगर पालिका का कहना है कि कई बार चेतावनी और अपील के बावजूद विक्रेता निर्धारित नई सब्जी मंडी में स्थानांतरित नहीं हो रहे हैं।

नगर पालिका के अनुसार, शहर में बढ़ती भीड़, जाम और गंदगी की समस्या को देखते हुए शहजादपुर की पुरानी सब्जी मंडी को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए बभनगवां रोड स्थित वार्ड नंबर-5 में संजय टॉकीज के पीछे नई सब्जी मंडी स्थापित की जा चुकी है। यहां विक्रेताओं और ग्राहकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

पालिका अधिकारियों का कहना है कि सब्जी विक्रेताओं को पहले भी कई बार नई मंडी में स्थानांतरित होने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ठेला और पटरी विक्रेता पुराने स्थान पर ही कारोबार कर रहे हैं। इससे सड़क पर अतिक्रमण और यातायात प्रभावित होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। नगर पालिका ने अब इसे अंतिम नोटिस बताते हुए स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।



> नई मंडी में व्यवस्थाएं पूरी, फिर भी स्थानांतरण को तैयार नहीं विक्रेता

**आयोजन:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल, तंबाकू छोड़ने और कानूनों की दी गई जानकारी

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में संयुक्त जिला चिकित्सालय, अकबरपुर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तंबाकू से होने वाले नुकसान, कानूनों और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव (पूर्णकालिक) नीलम वर्मा, सीएमएस डॉ. पीएन यादव, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक डॉ. सर्वेश कुमार गुप्ता, नामिका अधिवक्ता रामचंद्र वर्मा, एलएडीसीएस के असिस्टेंट शरद पांडेय, गुलाबी देवी सहित अस्पताल कर्मचारी और पैरालीगल स्वयंसेवक मौजूद रहे। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. सर्वेश कुमार गुप्ता ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 70 लाख लोगों की मौत तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की थीम "अनमासकिंग द अपील: काउंटरिंग निकोटिन एंड टोबैको प्रोडक्ट्स" है। इसका उद्देश्य युवाओं को तंबाकू उद्योग की आकर्षक मार्केटिंग और भ्रामक प्रचार से बचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला अस्पताल में तंबाकू मुक्ति केंद्र संचालित है और सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर काउंसलर नियुक्त किए गए हैं। नामिका अधिवक्ता रामचंद्र वर्मा ने सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा) के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध है।



> कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने जानकारी दी कि 1 जून 2026 से जनपद न्यायालय अंबेडकरनगर में विधि छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

#### तंबाकू सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा: नीलम वर्मा

शिविर को संबोधित करते हुए सचिव नीलम वर्मा ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। उन्होंने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पहली बार 7 अप्रैल 1988 को मनाया गया था, बाद में इसे हर वर्ष 31 मई को मनाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

# जीएसटी आईडी हैक कर 9.69 करोड़ की फर्जी बिलिंग

### कारोबारी पर 1.74 करोड़ कर देनदारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । महरुआ थाना क्षेत्र में जीएसटी पोर्टल से जुड़ा बड़ा साइबर फ्रॉड सामने आया है। एक कारोबारी की जीएसटी आईडी और पासवर्ड हैक कर 9.69 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बिलिंग दर्ज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद व्यापारी पर करीब 1.74 करोड़ रुपये की कर देनदारी भी आ गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महरुआ क्षेत्र के मनवा गांव निवासी गया प्रसाद राधेश्याम गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वर्तमान में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कलवा में रहते हैं। उनकी फर्म समृद्धि इंडस्ट्रियल ट्रेडिंग एंड सर्विस कॉर्पोरेशन के जीएसटी अकाउंट से छेड़छाड़ की गई।

शिकायत के अनुसार, 20 फरवरी को पोर्टल पर 4,02,76,212.50 रुपये की फर्जी बिलिंग दर्ज की गई। इसके बाद 11 मार्च को 5,66,47,931 रुपये की एक और एंट्री दिखाई दी। दोनों मिलाकर कुल 9,69,24,143.50 रुपये की फर्जी इनवॉइस एंट्री सिस्टम में दर्ज हो गई।

फर्जी बिलिंग के चलते कारोबारी की टैक्स देनदारी अचानक बढ़ गई है। 11 मार्च की एंट्री के आधार पर लगभग 1,01,96,627.58 रुपये और 20 फरवरी की एंट्री के आधार पर 72,49,718.25 रुपये का कर भुगतान दिखाया गया है।




> साइबर धोखाधड़ी का मामला, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

# सम्पादकीय

## जवाबदेही का अभाव




नीट प्रकरण की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह बिल्कुल सही कहा कि इस परीक्षा के पेपर लीक होने पर जवाबदेही तय हो। यदि ऐसा नहीं होता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण ही होगा, क्योंकि नीट के पेपर लीक होने के कारण 22 लाख से अधिक छात्र दोबारा परीक्षा देने के लिए विवश हैं। पेपर लीक के कारण छात्रों को परेशानी उठाने के साथ ही उनके भरोसे को भी ठेस पहुंची है।

इसके अतिरिक्त शिक्षा मंत्रालय भी सवालों के घेरे में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संघ लोक सेवा आयोग अर्थात यूपीएससी से सीख लेने को भी कहा। कायदे से तो इस नसीहत की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए थी। एनटीए को तो यह सीख स्वतः लेनी चाहिए थी और शिक्षा मंत्रालय को देखना चाहिए था कि ऐसा हो। आखिर इस एजेंसी का गठन ही इसलिए किया गया था, ताकि वह नीर-क्षीर ढंग से परीक्षाएं आयोजित करा सके।

यह शर्मनाक है कि इस मामले में एनटीए का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा। यह एक तथ्य है कि पहले भी नीट के आयोजन में गड़बड़ी हो चुकी है और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। यह निराशाजनक है कि एनटीए के कामकाज में सुधार के लिए गठित राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू नहीं किया गया। शायद इसी का दुष्परिणाम रहा कि नीट के पेपर लीक हो गए। आखिर जब राधाकृष्णन समिति ने अक्टूबर 2024 में ही अपनी सिफारिशें सौंप दी थीं तो उन सभी पर द्रुत गति से अमल क्यों नहीं किया गया? इस समिति ने यह पाया था कि एनटीए अपने तमाम काम आउटसोर्स करती है और उसके अधिकांश कर्मचारी संविदा पर हैं। उसने कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं कराने को भी कहा था। समझना कठिन है कि इस स्थिति को बदला क्यों नहीं जा सका?

आखिर ऐसी किसी संस्था के गठन का क्या औचित्य, जो अपना काम अपने स्तर पर करने में सक्षम न हो? एनटीए को नीट जैसी परीक्षाएं कराने के लिए अपना तंत्र उसी तरह विकसित करना चाहिए था, जैसे रेल मंत्रालय के आरआई-टीईएस यानी राइट्स ने, शहरी विकास मंत्रालय के एनबीसीसी ने, रिजर्व बैंक एवं भारतीय बैंक संघ के तहत एनपीसीआइ ने या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने किया है। आज के युग में कोई भी संस्था हो, उसका हर तरीके से दक्ष होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। सभी संस्थाओं और खासकर एनटीए को तो आधुनिक तकनीक से भी लैस होना चाहिए था और इसमें उसकी मदद के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को आगे आना चाहिए था। एनटीए की नाकामी जवाबदेही के अभाव के साथ ही सरकारी तंत्र के कामचलाऊ रवैए को ही दर्शाती है।

# सीबीएसई का मूल्यांकन घोटाला और नकारे प्रधान



> विचारणीय प्रश्न तो यह हैं कि कई शिक्षकों और छात्रों ने यह भी कहा कि स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएँ धुंधली थीं, अतिरिक्त पृष्ठ दिखाई नहीं दे रहे थे तथा सॉफ्टवेयर में तकनीकी त्रुटियाँ थीं।इसके अलावा सोशल मीडिया और छात्र मंचों पर यह आरोप व्यापक रूप से सामने आया कि परीक्षकों को अत्यधिक दबाव में कम समय में कॉपियाँ जाँचने को कहा गया। कुछ पोस्टों में यह दावा किया गया कि सॉफ्टवेयर समय सीमा पूरी होते ही कॉपी स्वतः जमा कर देता था।




भारत की शिक्षा व्यवस्था में सीबीएसई को सबसे प्रतिष्ठित बोर्डों में एक गिना जाता है। हर वर्ष लाखों विद्यार्थी इसकी परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं और उनके भविष्य का बड़ा हिस्सा बोर्ड परीक्षा के अंकों पर निर्भर करता है। लेकिन हाल के वर्षों में, विशेषकर 2024 और 2026 में, सीबीएसई की मूल्यांकन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षा विशेषज्ञों ने मूल्यांकन प्रक्रिया में भारी गड़बड़ियों, तकनीकी विफलताओं और प्रशासनिक लापरवाही के आरोप लगाए।किंतु सभी के आरोपों पर बिना कोई विचार किए केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में ऑन स्क्रीन मार्किंग जैसे नवाचार ने जहाँ लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से न केवल खिलवाड़ करने का अपराध किया है अपितु उन्हें मानसिक अवसाद में भी पहुँचा दिया है।जिससे प्रधान के नक्कारेपन ने इस पूरे विवाद में"सीबीएसई मूल्यांकन घोटाला" जैसी बहस को जन्म दिया है।

ध्यातव्य है कि केंद्रीय शिक्षामंत्री प्रधान का कार्यकाल ऐसा नहीं है कि केवल विद्यार्थियों के लिए दुखदाई रहा है अपितु टेट परीक्षा को लेकर शिक्षकों के लिए भी जीने मरने का प्रश्न बन गया है।सबसे गौरतलब बात तो यह है कि विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि मंत्रालय ने समय रहते समस्याओं को स्वीकार नहीं किया और छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से लेने में विफल रहा।इतना ही नहीं सीबीएसई ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को डिजिटल बनाने के लिए "ऑन-स्क्रीन मार्किंग" प्रणाली लागू बिना मूल्यांकन और मापन के विशेषज्ञों के परीक्षण और मंत्रणा के ही लागू की। यद्यपि इसका उद्देश्य पारदर्शिता और गति बढ़ाना बताया गया था परंतु जल्दीबाजी में बिना विमर्श और मंथन के यह प्रयोग अनेक समस्याओं के कारण विवादों में घिर गया।रिपोर्टों के अनुसार, कई विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि उन्हें अपेक्षा से बहुत कम अंक मिले। कुछ छात्रों ने दावा किया कि उनके प्री-बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रदर्शन की तुलना में बोर्ड परिणाम अत्यंत असामान्य थे।

जिससे तकनीकी खामियाँ और सुरक्षा पर प्रश्न खड़ा होना लाजिमी है।वर्ष 2026 में स्थिति और गंभीर तब हुई जब कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया कि ऑन स्क्रीनमार्किंग पोर्टल में सुरक्षा संबंधी कमजोरियाँ मौजूद थीं, जिनसे अंकों में बदलाव संभव हो सकता था।हालाँकि सीबीएसई ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वास्तविक मूल्यांकन पोर्टल सुरक्षित है और कथित हैकिंग केवल एक परीक्षण वेबसाइट से संबंधित थी।फिर भी छात्रों और अभिभावकों के बीच अविश्वास बढ़ता गया। पुनर्मूल्यांकन पोर्टल में भुगतान कटने, उत्तर पुस्तिका डाउनलोड न होने और वेबसाइट क्रैश जैसी समस्याएँ भी सामने आईं।

इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि यदि देश का सबसे बड़ा शिक्षा बोर्ड अपनी डिजिटल प्रणाली को सुरक्षित और स्थिर नहीं रख पा रहा, तो छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा?आंतरिक मूल्यांकन में अनियमितताएँ कौन दूर करेगा?ध्यातव्य है कि सीबीएसई ने स्वयं स्वीकार किया कि लगभग 500 संबद्ध विद्यालयों में थ्योरी और प्रैक्टिकल अंकों के बीच असामान्य अंतर पाया गया। बोर्ड ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विश्लेषण के बाद स्कूलों को चेतावनी जारी की और आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने को कहा।

जिससे यह तथ्य दर्शाता है कि समस्या केवल डिजिटल मूल्यांकन तक सीमित नहीं थी, बल्कि स्कूल स्तर पर भी अंक देने की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएँ थीं।डमी स्कूल और प्रशासनिक विफलता भी विद्यार्थियों पर भरी पड़ी।सीबीएसई द्वारा कई "डमी स्कूलों" के खिलाफ कार्रवाई भी की गई, जहाँ नियमों का उल्लंघन, फर्जी प्रवेश और रिकॉर्ड में गड़बड़ियाँ पाई गईं।यह स्थिति शिक्षा तंत्र की गहरी बीमारी को उजागर करती है। यदि बोर्ड से संबद्ध विद्यालय ही नियमों का पालन नहीं कर रहे, तो यह केवल विद्यालयों की विफलता नहीं बल्कि निगरानी तंत्र की भी असफलता है। "नकारे प्रधान" की आलोचना क्यों?वर्तमान में यह देश का सबसे बड़ा विमर्श का विषय है।इस पूरे विवाद के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री विपक्ष और छात्रों के निशाने पर रहे। आलोचकों का आरोप था कि मंत्रालय ने पहले समस्याओं को "अफवाह" कहकर खारिज किया और बाद में दबाव बढ़ने पर सफाई दी।बाद में शिक्षा मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि ऑन स्क्रीन मार्किंग प्रणाली में समस्याएँ आईं और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।लेकिन तब तक छात्रों का भरोसा काफी हद तक टूट चुका था। सोशल मीडिया पर "नकारे प्रधान" जैसे शब्दों का प्रयोग इसी नाराजगी और प्रशासनिक असंतोष का प्रतीक बन गया। आलोचकों का कहना है कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में तकनीकी प्रयोग बिना पर्याप्त तैयारी के लागू करना गंभीर लापरवाही है। मालूम हो कि बोर्ड परीक्षा केवल अंक नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य, आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी होती है। कई छात्रों ने सोशल मीडिया पर तनाव, अवसाद और भविष्य को लेकर भय व्यक्त किया।यदि मूल्यांकन प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए, तो मेहनती विद्यार्थियों का मनोबल टूटना स्वाभाविक है। शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य प्रतिभा को प्रोत्साहित करना होना चाहिए, न कि तकनीकी अव्यवस्था के कारण छात्रों को हतोत्साहित करना।

इस पूरे विवाद ने कुछ महत्वपूर्ण सुधारों की आवश्यकता को सामने रखा हैजैसे मूल्यांकन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और छात्रों को उनकी जाँची हुई उत्तर पुस्तिकाएँ आसानी से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। तकनीकी प्रणाली का स्वतंत्र ऑडिट होना चाहिए तथा ऑन स्क्रीन मार्किंग जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का साइबर सुरक्षा और कार्यक्षमता के आधार पर स्वतंत्र परीक्षण होना चाहिए।नई तकनीक लागू करने से पहले शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण और समय दिया जाना चाहिए।परिणामों से प्रभावित छात्रों के लिए परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराई जानी चाहिए।यदि किसी स्तर पर लापरवाही सिद्ध होती है, तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई आवश्यक है।

सार संक्षेप में कहना उचित होगा कि सीबीएसई मूल्यांकन विवाद केवल तकनीकी गड़बड़ी का मामला नहीं, बल्कि भारत की शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही, पारदर्शिता और प्रशासनिक क्षमता पर गंभीर प्रश्न है। लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ी परीक्षा प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है।

व्यावहारिक और तकनीकी दोनों ही दृष्टि से यदि देखा जाए तो शिक्षा व्यवस्था की वर्तमान दुर्दशा का एक कारण अंधाधुंध तकनीकी नवाचार और प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर मूल्यांकन तक सारे दायित्वों के लिए प्राइवेट कंपनियों पर निर्भरता है।

**- शिक्षाविद डॉ.उदयराज मिश्र**

## हमारे इतिहास और ...

ललित गर्ग

# माता-पिता हैं वर्तमान की शक्ति और भविष्य की प्रेरणा



विश्व के अधिकतर देशों की संस्कृति में माता-पिता का रिश्ता सबसे बड़ा एवं प्रगाढ़ माना गया है। भारत में तो इन्हें ईश्वर का रूप माना गया है। माता-पिता को उनके बच्चों के लिए किए गए उनके काम, बच्चों के प्रति उनकी निस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन त्याग के लिए सम्मान और सराहना देने के लिए प्रतिवर्ष विश्व माता-पिता (अभिभावक) दिवस 1 जून को मनाया जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का पालन दिवस है। यह दिन हमें उस महान शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर देता है, जिसके कारण मानव जीवन का अस्तित्व, विकास और संस्कार संभव हो पाते हैं। वर्ष 2026 की थीम 'माता-पिता के लिए एक साथ' एक अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश लेकर आई है। यह केवल माता-पिता के सम्मान का आह्वान नहीं करती, बल्कि पूरे समाज, समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारों को यह प्रेरणा देती है कि वे माता-पिता की भूमिका को समझें, उनके साथ खड़े हों और उनके दायित्वों को निभाने में सहयोग करें। अधिकांश देशों में सदियों से माता-पिता का सम्मान करने की परंपरा रही है। माता-पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी माता-पिता की जगह नहीं ले सकता। वे सच्चे शुभचिंतक हैं। लेकिन मानव इतिहास में कभी भी परिवार और माता-पिता की भूमिका इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं रही, जितनी आज है। तकनीकी क्रांति ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन मानवीय संबंधों को नई परीक्षाओं के सामने भी खड़ा कर दिया है। मोबाइल, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है। ज्ञान के स्रोत घर और विद्यालय से निकलकर डिजिटल मंचों तक पहुंच गए हैं। ऐसे समय में माता-पिता की भूमिका केवल पालन-पोषण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे बच्चों के भावनात्मक संतुलन, नैतिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के प्रमुख संरक्षक बन गए हैं। वे केवल जीवन देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले हैं। दुनिया के हर समाज में माता-पिता को सम्मान दिया जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति ने उन्हें विशेष रूप से देवत्व का स्थान प्रदान किया है। हमारे उपनिषदों का उद्घोष 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः'- मानव सभ्यता के श्रेष्ठतम जीवन मूल्यों में से एक है। मां अपने वात्सल्य, करुणा, त्याग और ममता से जीवन को सींचती है, जबकि पिता अपने परिश्रम, अनुशासन, संरक्षण और संघर्ष से भविष्य की मजबूत नींव रखता है। इसी कारण भारतीय परिवार व्यवस्था सदियों तक विश्व के लिए आदर्श बनी रही है।

हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक प्रसंग हैं जो माता-पिता के सम्मान और सेवा की प्रेरणा देते हैं। श्रवण कुमार की कथा केवल एक पुत्र की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। अपने वृद्ध और दृष्टिहीन माता-पिता को कंधों पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने वाले श्रवण कुमार ने यह सिद्ध किया कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। भगवान श्रीराम ने पिता दशरथ के वचन की रक्षा के लिए राज्य, वैभव और सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल आज्ञापालन नहीं था, बल्कि माता-पिता के सम्मान को सर्वोच्च मानने का संदेश था। महाभारत, रामायण और जैन तथा बौद्ध साहित्य में भी माता-पिता के प्रति श्रद्धा को जीवन का सर्वोच्च मूल्य माना गया है। भगवान के रूप में माता-पिता हमारे लिये एक सौगात हैं जिनकी हमें सेवा करनी चाहिए और कभी उनका दिल नहीं तोडना चाहिए। एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। मां का रिश्ता सबसे गहरा एवं पवित्र माना गया है, लेकिन बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता कठोर इसलिये होते हैं ताकि बेटा उन्हें देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है।

# आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी प्रोत्साहन से मनोहर सिंह की खेती को मिली समृद्धि की नई दिशा

आज के दौर में खेती केवल पारंपरिक जीविका का साधन नहीं रह गई है, बल्कि यह एक लाभकारी और आधुनिक व्यवसाय के रूप में उभर रही है। अन्नदाता किसानों के उत्थान व उनके स्वावलंबन हेतु केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। बदलते समय के साथ यदि किसान नई तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाएं, तो सीमित संसाधनों में भी बेहतर उत्पादन और अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। प्रदेश में कृषि की असीमित संभावनाओं से कृषकों को अधिकाधिक लाभान्वित करने और अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु सक्रिय प्रयास किए गए हैं। उच्च गुणवत्ता वाले बीज, हाइब्रिड किस्में और जैविक बीजों ने फसल की उपज और उत्पादकता को बढ़ावा दिया है। प्रभावी प्रयासों व नवाचारों के फलस्वरूप कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिससे कृषकों को प्रत्यक्ष रूप से अधिक उपज एवं आय प्राप्त हो रही है और राष्ट्रीय उत्पादन में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ी है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी जनपद आजमगढ़ के विकास खंड अजमतगढ़ के ग्राम मेघई खास निवासी कृषक मनोहर सिंह की है, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और नई तकनीकों को अपनाकर खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। स्नातक शिक्षित मनोहर सिंह ने अपनी 1.50 हेक्टेयर कृषि भूमि पर उन्नत खेती को अपनाया है। पहले वे भी अन्य किसानों की तरह पारंपरिक खेती पर ही निर्भर थे। उनकी खेती पूरी तरह परंपरागत तरीकों से होती थी, जिसमें अधिक श्रम, अधिक लागत और कम लाभ जैसी समस्याएं आम थीं। सिंचाई के लिए अधिक पानी और श्रम की आवश्यकता पड़ती थी, वहीं रोपाई और निराई-गुड़ाई में भी काफी खर्च आता था। इन सभी कारणों से खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही थी, जबकि उत्पादन और मुनाफा अपेक्षाकृत काफी कम था। मनोहर सिंह ने जब खेती करना शुरू किया तो कई समस्याएं उनके सामने आने लगी । पारंपरिक सिंचाई व्यवस्था के कारण पानी की बर्बादी होती थी और समय पर सिंचाई न होने से फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इसके अलावा, कीट और रोगों का प्रकोप भी फसलों को नुकसान पहुंचाता था, जिससे उत्पादन में कमी आती थी। बाजार में भी उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इस कारण खेती से मिलने वाली आय इतनी नहीं थी कि परिवार की आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जा सके। श्रम लागत भी एक बड़ी समस्या थी। मजदूरों की अनुपलब्धता और बढ़ती मजदूरी के कारण खेती का खर्च लगातार बढ़ जाता था। इन सब समस्याओं के चलते मनोहर सिंह को कई बार यह महसूस होता था कि खेती छोड़कर कोई अन्य कार्य किया जाए, लेकिन इसी बीच उन्हें प्रदेश सरकार का किसानों के लिए जिम्मेदार और उदार रवैय्या के साथ - साथ किसानों के हिट में कई सरकारी योजनाओं के स्वर सुनाई देने लगे और उन्होंने अधिक जानकारी के लिए सरकारी कार्यालयों संपर्क करना शुरू किया। इन्हीं प्रयासों के दौर में मनोहर सिंह को उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनाओं की जानकारी मिली। उन्होंने इन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और उन्हें अपनी खेती के लिए प्रयोग करना भी अशुरू कर दिया। यहीं से उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आने लगा जिसे ये सकते हैं कि उनके जीवन में एक बड़ा टर्निंग पॉइंट आ गया।

# बंगाल के बाद ममता के लिए इंडी गठबंधन में भी 'वजूद' का संकट गहराने लगा !

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 हारने के बाद टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी विपक्षी 'आईएनडीआईए' गठबंधन को लेकर अचानक बेहद सक्रिय हो गई हैं। बदले समीकरणों में राहुल गांधी ममता पर भारी पड़ रहे हैं। बंगाल चुनाव प्रचार से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की रणनीतिक दूरी ममता बनर्जी के लिए बाधा बन कर उभरी है। ममता के मुख्यमंत्री रहते हुए जेडीयू के नीतीश कुमार को इस गठबंधन का संयोजक बनाने के प्रस्ताव पर बिफर जाने वाली और बंगाल में कांग्रेस-लेफ्ट को एक सीट न देने वाली ममता बनर्जी आज खुद को राष्ट्रीय राजनीति में प्रासंगिक बनाए रखने के लिए छटपटा रही हैं। बंगाल चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में प्रचार न करके दूरगामी राजनीतिक संदेश दिया था, क्योंकि वे यूपी में कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन को किसी भी कीमत पर बचाना चाहते हैं। अब यदि 2027 के यूपी चुनाव में कांग्रेस और सपा का गठबंधन बरकरार रहता है, तो ममता बनर्जी के सामने सबसे बड़ा धर्मसंकट यह होगा कि क्या वे राहुल गांधी को विपक्ष का मुख्य चेहरा स्वीकार करेंगी, या फिर वे कांग्रेस और वामपंथियों के बिना एक नए 'थर्ड फ्रंट' की वकालत करेंगी।

2026 के बंगाल चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बंगाल के रण में ममता बनर्जी के पक्ष में एक भी चुनावी जनसभा या प्रचार नहीं किया जबकि 2021 के चुनाव में सपा ने टीएमसी के समर्थन में बकायदा अपनी टीम भेजी थी। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, अखिलेश यादव की यह दूरी बेहद रणनीतिक और सोची-समझी थी। अखिलेश यादव भली-भांति जानते थे कि उन्हें उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय कैडर और वोट बैंक की सख्त जरूरत है।

**रामस्वरूप रावतसरे**

## जरा हटके

## इस क्षेत्र का विकास...

केवल, सेनि0 सूचना अधिकारी


# बहराइच की पौराणिक स्थल मुनि अष्टावक्र के आश्रम की चित्तौरा झील का हो रहा है सौन्दर्यीकरण

प्रदेश सरकार ने इको-टूरिजम को बढ़ावा देने के लिए जनपद बहराईच की चित्तौरा झील को पर्यटन हब के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया है। यह झील महाराजा सुहेलदेव स्मारक के पास स्थित है। पर्यटन विभाग इस महत्वाकंाक्षी परियोजना के लिए 4.10 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत किया है, जिसमें 50 लाख रूपये की पहली किश्त भी जारी कर दी गयी है। यह झील प्राकृतिक सुन्दरता के साथ-साथ ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व भी रखती है।

11 वीं शताब्दी में यहाँ महाराजा सुहेलदेव की सेना ने सैयद सालार मसूद गाजी को हराया था। पौराणिक मान्यता है कि त्रेता युग में यह टेढ़ी नदी के नाम से जानी जाती थी और अष्टावक्र मुनि का आश्रम भी था। राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गयी धनराशि से इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में इस झील का सौन्दर्यीकरण करते हुए इको-पर्यटन का रूप दिया जा रहा है। यह स्थल प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

इस क्षेत्र का विकास महाराजा सुहेलदेव के कर्मस्थली को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है। पर्यटन विकास परियोजना के माध्यम से झील के क्षेत्र को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए इसकी ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित किया जायेगा, ताकि आगंतुक यहाँ प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ-साथ प्रदेश के गौरवशाली इतिहास की भी जानकारी प्राप्त कर सकें।

प्रदेश में वर्ष 2025 में 34 लाख से अधिक पर्यटकों ने बहराइच का भ्रमण किया है। इस परियोजना के तहत विभिन्न स्थापना सुविधाओं के विकास पर करोड़ों रूपये



व्यय किये जा रहे है। इसमें कैफिटेरिया ब्लॉक के लिए सर्वाधिक 158.83 लाख रूपये एवं डेक और बोट जेट्टी के निर्माण पर 56.31 लाख रूपये व्यय होंगे। इसके अलावा टिकट कॉउन्टर ब्लाक, शौचालय, पेयजल, एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए धनराशि निर्धारित की गयी है। इस परियोजना में सीसी इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, जलापूर्ति एवं सीवरेज, वर्षाजल संचयन, ड्रेनेज और विद्युत कार्यों को भी शामिल किया गया है। साथ ही सुरक्षा और सौन्दर्यीकरण के तहत सीसीटीवी सिस्टम, बॉयोफन्सिग उद्यानिकी कार्य और बैठने की व्यवस्था आदि विकसित की जायेगी।

चित्तौरा झील की इस परियोजना में इमबैंकमेंट वर्क और ड्राई स्टोन पिचिंग पर भी विशेष जोर दिया गया है। बहराइच की यह ऐतिहासिक झील आकर्षक पर्यटन स्थल के साथ-साथ शौर्य एवं पराक्रम की गाथा समेटे हुए है। इस झील का पौराणिक महत्व है। राजा जनक के गुरू मुनि अष्टावक्र का इस झील के तट पर आश्रम था। मुनि अष्टावक्र का शरीर जिस प्रकार आठ जगहों से टेढ़ा था, उसी प्रकार यह टेढ़ी नदी भी अपने आकार के लिए विख्यात रही है। कालांतर में यह चित्तौरा झील के रूप में लोकप्रिय हुई। चित्तौरा झील के समग्र विकास से यह परियोजना उत्तर प्रदेश में इको-टूरिजम को नई दिशा देने वाली साबित होगी।

बहराइच जनपद अपने प्राकृतिक सौन्दर्य एवं घने जंगलों एवं वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है। यहँा पहले से ही कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य के लिए देश-विदेश में अपनी पहँचान बना चुका है। नेपाल सीमा से सटे हुए इस क्षेत्र के ग्रामीण इलाके सामुदायिक एकता, समृद्ध थारू संस्कृति और तेजी से विकसित हो रहे होम-स्टे मॉडल के जरिये पर्यटन को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही विछिया से मैलानी तक चलने वाली विस्टाडोम कोच के माध्यम से पर्यटक घने जंगलों, हरियाली और मनमोहक प्राकृतिक दृष्यों का अनुभव ले सकते है। यह पूरा क्षेत्र इको-टूरिज्म की दृष्टि से अधिक समृद्ध है।

जनपद प्रयागराज ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्ता के साथ-साथ महाकुंभ सहित विभिन्न धार्मिक धार्मिक आयोजनों के लिए देश-विदेश में ख्याति प्राप्त है। पिछले साल महाकुंभ-2025 के दौरान लगभग 68 करोड़ श्रद्धालु देश-विदेश से पूण्य प्राप्त करने आए थे। यूनेस्कों द्वारा महाकुंभ को विश्व का सबसे बड़ा आयोजन माना गया है। प्रयागराज में बहुत सारे आस्था के स्थल है। इसके अलावा विभिन्न पर्वों पर सालभर श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाने आते रहते है। राज्य सरकार ने प्रयागराज में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया है। पर्यटको को आकर्षित करने के लिए कई स्थानों को पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रयागराज अब पर्यटन के क्षेत्र में अपनी नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। प्रयागराज के मेजा स्थित कृष्ण-मृग आरक्षित क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इको पार्क का कार्य तेजी से निर्मित हो रहा है। लगभग 05 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे यहां के पर्यटन विकास परियोजनाओं का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उ0प्र0 पर्यटन विभाग के इस पहल से क्षेत्र में ईकोटूरिज्म को नई पहचान मिलेगी। इसमें वॉच टावर, कैंटीन और बर्ड-जोन समेत कई सुविधाएं विकसित की जा रही है। यूपीपीसीएल की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में पर्यटकों को सुविधा और प्राकृतिक वातावरण के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस कृष्ण मृग परियोजना के तहत भव्य प्रवेश द्वार, इण्टरलॉकिंग पार्किग, आकर्षक साइनेज, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, कैंटीन ब्लॉक, वॉच टावर और गजीबो-हट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही है।

### अधिकारियों ने चेताया, फिर भी नहीं बरता एहतियात, हो गया बड़ा हादसा, कॉन कोर्स का किया था गहन निरीक्षण

# चारबाग स्टेशन में हादसे से पहले डीआरएम ने किया था निरीक्षण

**लापरवाही**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के चारबाग स्टेशन (उत्तर रेलवे) के प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर टिन शेड गिरने से 1 टीटीई समेत 3 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घटना से 6 दिन पहले डीआरएम उत्तर रेलवे सुनील कुमार वर्मा ने खुद मौके पर आरए-लडीए की तरफ से किए जा रहे कॉन कोर्स का गहन निरीक्षण किया था। सुरक्षा व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही का मुद्दा भी अधिकारियों में डीआरएम समेत अन्य के सामने उठाया था, लेकिन इसे आरएलडीए के अधिकारियों के



साथ में डीआरएम समेत अन्य अधिकारियों की ओर से नजरअंदाज किया गया। इससे 14 दिन पहले लखनऊ जंक्शन (पूर्वोत्तर रेलवे) की छत का हिस्सा गिर गया था।

बता दें स्टेशन का रेनोवेशन किया जा रहा है, जिसका डीआरएम उत्तर रेलवे सुनील कुमार वर्मा लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने 6 दिन पहले भी निरीक्षण में रेल लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (RLDA) के कामों को परखा था। उस दौरान स्टेशन अधिकारियों ने RLDA के अधिकारियों की लापरवाहियां गिनाई थीं। डीआरएम ने

### तुरंत एक्शन, बड़े अधिकारी बच गए

हादसे के कारणों की जांच के लिए मुख्यालय के 3 वरिष्ठ अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई। काम में लापरवाही और ढिलाई के आरोप में ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उत्तर रेलवे जीएम राजेश पांडेय ने कार्रवाई की। इसमें ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। प्रोजेक्ट की निगरानी करने वाली टीम के लीडर को तुरंत इस काम से हटा दिया गया है। आरएलडीए के प्रोजेक्ट इंजीनियर को तुरंत सस्पेंड (निलंबित) कर दिया गया है। लखनऊ डिवीजन के प्रभारी निर्माण सुपरवाइजर को भी सस्पेंड किया गया। इस बीच रेलवे और RLDA अधिकारियों पर कोई एक्शन नहीं हुआ।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताकर निर्माण कार्य के दौरान सभी आवश्यक सावधानियां बरतने पर विशेष जोर देने की बात कही थी। कहा था कि कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए तथा निर्माण प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जाए। इसके साथ ही कहा था कि एयर कॉनकोर्स का निर्माण पूर्ण होने के बाद आधुनिक और सुगम सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



23 मई को निरीक्षण के समय अधिकारियों के निरीक्षण के समय RLDA और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### 23 मई को डीआरएम ने किया था निरीक्षण

डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने 23 मई को लखनऊ रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन एयर कॉन कोर्स के कार्यों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए थे।

# लखनऊ में 19 साल के लड़के को वैन ने कुचला

### रॉग साइड से आई बाइक में मारी टक्कर

तमसा संकेत, एजेंसी





मलिहाबाद। लखनऊ के माल-मलिहाबाद सीमा क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में 19 वर्षीय संजीत मौर्य की मौत हो गई। रॉन्ग साइड से आ रही एक इको वैन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद संजीत का पैर वैन के बोनट में फंस गया, जिससे वह 20 मीटर तक सड़क पर घसीटता चला गया।

हादसे में संजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं वाहन चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, माल थाना क्षेत्र के बेला बिरवा गांव निवासी संजीत मौर्य (19) अपने पिता मुन्नीलाल के साथ खेती-किसानी करता था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह नबीपनाह नहर के पास स्थित पेट्रोल पंप पर अपनी मोटर-साइकिल में पेट्रोल भरवाने जा रहा था। इसी दौरान माल-मलिहाबाद बॉर्डर पर रॉन्ग साइड से आ रही एक इको वैन ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के समय संजीत ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर के बाद वैन चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करता रहा, जिससे युवक का पैर वैन के अगले हिस्से में फंस गया और वह काफी दूर तक घिसटता रहा। हादसे में वैन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

**फास्ट न्यूज**

### भाजपा नेता हत्याकांड में 3 आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने अयोध्या निवासी भाजपा युवा मोर्चा नेता शिवम सिंह हत्याकांड का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया पत्थर भी बरामद किया है। वहीं, मामले का चौथा आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

### डायवर्ट होकर लखनऊ आई फ्लाइट रद्द हुई

सरोजनी नगर, लखनऊ। शुक्रवार देर रात पुणे से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को दिल्ली में खराब मौसम के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। बाद में क्रू सदस्यों की ड्यूटी टाइम पूरी होने के चलते उड़ान रद्द कर दी गई, जिससे यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। हालांकि, एयरलाइन अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-1231) शुक्रवार रात करीब 9:40 बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी थी।

### लखनऊ में वकील पर चाकू से हमला

लखनऊ। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में कार से घर लौट रहे एक अधिवक्ता पर चार बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने उनसे 21,800 रुपए लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ डकैती समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबेडकरनगर के आलापुर निवासी अधिवक्ता सचिन कुमार मौजूदा समय में इंदिरानगर के जरहरा क्षेत्र में रहते हैं।

## उपखनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन पर सरकार की बड़ी कार्यवाही

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश श्रीमती माला श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद एवं निदेशालय स्तर से माह अप्रैल, 2026 से पूरे प्रदेश में सतत एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश वाहन वैध परिवहन प्रपत्रों के साथ खनिजों का परिवहन करते पाए गए। वहीं जिन वाहनों में अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की गई। अब तक की कार्रवाई में कुल 7,339 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 33 करोड़ 71 लाख रुपये का अधिरोपण किया गया है। इनमें से 28 करोड़ 31 लाख रुपये की धनराशि संबंधित पक्षों से जमा भी कराई जा चुकी है। अभियान की समीक्षा करते हुए सचिव एवं निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश श्रीमती माला श्रीवास्तव ने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन केवल वैध आईएसटीपी के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए ।

- **अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रदेशव्यापी प्रवर्तन अभियान जारी -श्रीमती माला श्रीवास्तव**
- **7,339 वाहनों पर कार्रवाई, 33.71 करोड़ रुपये का अधिरोपण**

### मानसून लेट हुआ, जून में हीटवेव चलेगी, बारिश के भरोसे रहे तो धान की खेती चौपट होगी

# यूपी में इस साल सूखे के आसार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में इस साल मानसून सीजन में बारिश कम होगी। वेस्ट यूपी के 10 जिलों में सूखे जैसे हालात बन सकते हैं। जबकि 60 जिलों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। वेस्ट यूपी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन यानी चक्रवात की वजह से जून के शुरुआती हफ्ते में बारिश होगी। इसके बाद भीषण गर्मी पड़ेगी। मतलब हीटवेव (लू) ज्यादा दिन चलेगी। इसका सीधा असर धान की खेती पर पड़ेगा। अगर किसान बारिश के भरोसे रहा तो धान की खेती चौपट हो सकती है। वेस्ट यूपी में 28 मई को बने मौसम सिस्टम (साइक्लो-निक सर्कुलेशन) की वजह से अगले 2-3 दिन धूप और लू से थोड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान कुछ इलाकों में आंधी-तूफान, बिजली चमकने और



**"इस बार जून में हीटवेव भी सामान्य से ज्यादा दिन तक चलेगी। आमतौर पर जून में 2 से 3 दिन हीटवेव चलती है, लेकिन कम बारिश की वजह से ये बढ़कर 5 से 6 दिन तक चलने के आसार हैं।**

तेज बारिश होने का भी अनुमान है। इसके बाद तापमान में फिर से बढ़ोतरी होगी। दिन और रात दोनों का तापमान आम दिनों के मुकाबले ज्यादा रहेगा। आमतौर पर जून के महीने में यूपी में दिन का तापमान 39C से 41C के बीच रहता है। हालांकि, इस साल यह इससे 1.5C से 3C तक ऊपर जा सकता है।

### 20 जून से पहले नहीं पहुंचेगा मानसून

आमतौर पर मानसून 1 जून को केरलम पहुंचता है। इस बार अंदाजा था कि यह इस बार 6 दिन पहले यानी 26 मई को ही केरलम आ जाएगा। लेकिन 29 मई के बाद भी यह केरलम के तट से करीब 30-35 किलोमीटर दूर ही रुका हुआ है। हालांकि, वहां थोड़ी-बहुत बारिश शुरू हो गई है, लेकिन मौसम विभाग इसे अभी मानसून की बारिश नहीं मान रहा है। यूपी में भी मानसून 18 से 20 जून के बीच पहुंचने के आसार बताए गए थे। लेकिन अब यहां भी मानसून लेट पहुंचेगा। लखनऊ के आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल सिंह कहते हैं मानसून कमजोर रहने वाला है, उसके यूपी पहुंचने की सटीक डेट बताना थोड़ा मुश्किल है।

### यूपी में 8% बारिश कम होगी

इस साल यूपी और पूरे देश में पिछले सालों के मुकाबले कम बारिश होने का अनुमान है। सामान्य तौर पर यूपी में मानसून सीजन (जून से सितंबर) में करीब 820 से 840 मिलीमीटर बारिश होती है, लेकिन मौसम विभाग के नए अनुमान के मुताबिक, इस साल 8% कम यानी लगभग 754 से 773 मिलीमीटर तक ही पानी बरसेगा।

**वैज्ञानिक अतुल सिंह बताते हैं- बारिश के सामान्य, कम या ज्यादा होने का अनुमान लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) के आधार पर लगाया जाता है। मौसम विभाग पिछले 50 सालों में हुई बारिश का एक औसत (एवरेज) निकालता है। इसी के आधार पर तय होता है कि बारिश सामान्य है या कम।**

### राजेंद्र चौधरी समेत सपा के कई वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

# राधाकृष्ण मंदिर में तृतीय देव स्थापना एवं विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के मोहान रोड स्थित अभिनंदन रिसॉर्ट में राधाकृष्ण मंदिर के तृतीय देव स्थापना महोत्सव एवं विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, राजनीतिक नेताओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर में स्थापित राधा-कृष्ण विग्रह के दर्शन किए।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती एवं श्री राम गोपाल कनौजिया रहे। आयोजन का संयोजन समाजवादी पार्टी के पूर्व मलिहाबाद विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, निवर्तमान पार्षद मोनू कनौजिया तथा अधिवक्ता संजय कनौजिया ने समस्त कनौजिया परिवार एवं सहयोगियों के साथ





मिलकर किया।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने राधा-कृष्ण विग्रह की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, वरिष्ठ नेता जितेंद्र यादव 'जीतू', पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, पूर्व विधायक रेहान नईम, पूर्व विधायक अंबरीश पुष्कर सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धार्मिक एवं सामाजिक समरसता के इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मंदिर में दर्शन किए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में कनौजिया परिवार, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देव स्थापना के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।**

### लखनऊ में फार्मासिस्ट करने लगा इलाज

लखनऊ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज में शनिवार सुबह स्वास्थ्य सिस्टम की बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां पेट दर्द, उल्टी और दस्त से पीड़ित एक बच्ची को लेकर पहुंचे तीमारदारों ने आरोप लगाया कि इमरजेंसी में तैनात एक फार्मासिस्ट ने खुद को डॉक्टर बताकर बच्ची का इलाज शुरू कर दिया। तीमारदारों ने जब विरोध किया तो वह अभद्रता पर उतर आया। आनन-फानन में सीएचसी अधीक्षक ने आरोपी फार्मासिस्ट का एक महीने का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं, साथ ही ट्रांसफर के लिए सीएमओ को पत्र भेजा है।

कस्बा निवासी नीतिका के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब पांच बजे उनकी बेटी की तबीयत बिगड़ने पर वह अपने पति के साथ उसे लेकर सीएचसी पहुंची थीं। आरोप है कि उस वक्त डॉक्टर के कक्ष में कर्मचारी चादर ओढ़कर सो रहे थे और पूरे अस्पताल परिसर में सन्नाटा पसरा था। तीमारदारों ने काफी मिन्नतें कर सो रहे कर्मचारियों को जगाया और डॉक्टर को बुलाने की मांग की।

## 'मेरी सरकार बनी तो 1 रुपए में एमबीबीएस डॉक्टर बनवाऊंगा'

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा- मेरी सरकार बनी तो यूपी में 1 रुपए में MBBS डॉक्टर बनवाऊंगा। वकालत और इंजीनियरिंग की पढ़ाई फ्री होगी। कक्षा-1 से 12 तक सबको समान शिक्षा मिलेगी। जैसे बीजेपी का संकल्प राम मंदिर का था, हमारा संकल्प मुफ्त शिक्षा का है। नगीना सांसद चंद्रशेखर शनिवार को लखनऊ में विधानसभा मार्ग स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थि कलश स्थल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 'सत्ता परिवर्तन यात्रा' शुरू करने का ऐलान करते हुए कहा कि तमिलनाडु के चुनाव परिणामों से पता चल गया है कि यूपी में बदलाव हो सकता है।

पेपर लीक एक संगठित अपराध की तरह देखा जाए और हत्या के मामले जैसी सजा का प्रावधान किया जाए। पेपर लीक सबसे बड़ा अपराध होना चाहिए, जो बच्चों के भविष्य और माता-पिता के सपनों को बर्बाद कर देता है। मैं नौजवानों के साथ खड़ा हूं। सरकार से कहूंगा कि प्रतियोगी नौजवानों के लिए मुफ्त एंट्रेंस एग्जाम और होम सेंटर की व्यवस्था की जाए।

कक्षा-1 से 12 तक के विद्यालयों में समान शिक्षा देंगे। जैसे बीजेपी का संकल्प राम मंदिर का था, हमारा संकल्प मुफ्त शिक्षा का है। सबसे बड़ी बात हमारी सरकार बने तो 1 रुपए में MBBS डॉक्टर बनाएंगे। वकालत और इंजीनियर की शिक्षा पूरी तरह मुफ्त रहेगी। हमारा संकल्प नौजवान को रोजगार दिलाने का है।

- **चंद्रशेखर बोले- वकालत और इंजीनियरिंग की पढ़ाई फ्री होगी**

### निर्देश : ग्राम्य विकास विभाग के 11.25 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य को जनभागीदारी से सफल बनाएं

# 'हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को नई गति दें'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया है। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को पूरी प्रतिबद्धता, योजनाबद्ध रणनीति और व्यापक जनसहयोग के साथ संचालित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष ग्राम्य विकास विभाग ने वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की थीं तथा अधिकांश जनपदों ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी विभाग निर्धारित लक्ष्य से



अधिक गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत कराए जाने वाले वृक्षारोपण कार्यों में निर्धारित मानकों के अनुरूप रखरखाव एवं अनुरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सामर्थ्य मैनुअल के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विगत वर्षों में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत भूमि पर किए गए वृक्षारोपण की समीक्षा की जाए। जहां पौधों की क्षति अधिक पाई गई हो, वहां उत्तरदायित्व तय करते हुए सूखे एवं नष्ट पौधों का तत्काल प्रतिस्थापन कराया जाए।

**वृक्षारोपण अभियान-2026-27 बने जनआंदोलन, पौधों की जीवितता पर दें विशेष ध्यान**

**पर्यावरण संरक्षण के साथ पोषण और आय वृद्धि का भी बने माध्यम वृक्षारोपण**

**गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण और पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करें**

**हर ग्राम पंचायत बने हरित विकास की मिसाल**

### 11.25 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ

मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम्य विकास विभाग को 11.25 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए सभी जनपदों में अभी से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण हेतु माइक्रोप्लान तैयार करने तथा ग्रामवासियों के बीच पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर गोष्ठियों एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

### नदियों के किनारे बांस रोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए

उप मुख्यमंत्री ने "वृक्षमाला नदीतट संरक्षण अभियान" को विशेष प्राथमिकता देते हुए नदियों के किनारे बांस रोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य आवासीय योजनाओं के लाभार्थियों से दो-दो सहजन के पौधे अनिवार्य रूप से लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मौर्य ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा एवं जीवितता सुनिश्चित करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए बायोफेंसिंग, सुरक्षा खाई निर्माण तथा नियमित देखभाल की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि पौधों को पशुओं एवं अन्य कारणों से होने वाली क्षति से बचाया जा सके।

# भीषण महंगाई से कराह रही आम जनता पर महंगाई का एक और करारा प्रहार

### 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस ले सरकार - अजय राय

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय जी-पूर्व मंत्री ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता और किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी बयान में कहा है कि एक ओर जहां प्रदेश की जनता लगातार बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से परेशान है, डीजल, पेट्रोल के दाम सौ रूपये पार और गैस सिलेण्डर हजार रूपये पार हो गया है वहीं सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं पर जून 2026 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का बोझ डाले जाने से उसकी रही सही कमर तोड़ने का कार्य किया गया है।



प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जहाँ सरकार 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति का दावा करती है, वहीं पूरे माह लगातार बिजली गुल रहने, 24 घंटे से लेकर सप्ताह तक आपूर्ति बाधित रहने, लाखों उपभोक्ताओं के प्रभावित होने, ट्रांसफॉर्मरों के फुंकने, फीडरों के फेल होने, उपकेंद्रों के घेराव, सड़क जाम, कर्मचारियों के बंधक बनाए जाने की घटनाएं हो रही हैं जिससे सरकार का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। यदि राजधानी की यह स्थिति है तो प्रदेश के अन्य जनपदों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

- **उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की भूमिका भी गंभीर समीक्षा की अपेक्षा करती है। आयोग का उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना है, किन्तु उपभोक्ताओं की शिकायतों, स्मार्ट मीटर विवादों तथा वितरण कंपनियों की मनमानी के बावजूद जनता को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। यदि आयोग के आदेशों और निर्देशों का प्रभावी अनुपालन नहीं हो रहा, तो यह भी एक गंभीर संस्थागत प्रश्न है।**

## एयरपोर्ट से सीधे पहुंचीं ■ नक्काशी देखकर चौंकीं, पूछा- इतना सुंदर मार्बल कहां से आया

# ट्रम्प की बेटी टिफनी ने पति के साथ ताजमहल देखा

**भ्रमण**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी अपने पति माइकल बॉऊलोस के साथ शनिवार को आगरा पहुंचीं। दोनों ने करीब एक घंटे ताजमहल परिसर में बिताए। ताजमहल की खूबसूरती देखकर टिफनी काफी खुश नजर आईं। उन्होंने गाइड रमेश दीवान से पूछा- ताजमहल में जो मार्बल लगे हैं, वां कहां से लाए गए। इसकी इतनी सुंदर नक्काशी कैसे की गई। रमेश ने जवाब दिया कि संगमरमर कहीं से लाए नहीं गए। ये भारत के ही हैं। नक्काशी में प्रयोग हुए स्टोन के बारे में बताया कि स्टोन भारत के अलावा अफ्रीका, यमन जैसे देशों से मंगाए गए थे। टिफनी और माइकल डायना बेंच के पास पहुंचे। एक-दूसरे का हाथ थामकर तस्वीरें खिंचवाईं। दोनों ने अलग-अलग पोज में फोटोज क्लिक करवाईं। उन्होंने अपने स्टाफ के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।इस दौरान टिफनी नारंगी रंग की लांग ड्रेस और माइकल टीशर्ट-ट्राउ-जर में नजर आए। दोनों ने धूप वाले चश्मे लगा रखे थे। इससे पहले टिफनी का चार्टर्ड विमान सुबह 11.30 बजे खेरिया एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से होटल जाने की बजाय उनका काफिला सीधा ताजमहल पहुंचा। गोल्फ कार्ट में बैठकर टिफनी और माइकल ताजमहल परिसर में दाखिल हुए। हाथ जोड़कर लोगों को धन्यवाद कहा। उनके साथ भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद थे।

टिफनी पहले शाम को सूर्यास्त के वक्त ताजमहल देखने वाली थी, लेकिन अचानक उनका कार्यक्रम बदल गया। वो एयरपोर्ट से सीधे ताजमहल पहुंचीं। ताजमहल को निहराने के बाद टिफनी ट्रम्प और पति माइकल काफी खुश नजर आए। माइकल ने हाथ जोड़कर लोगों का शुक्रिया अदा किया।



**ताजमहल से निकलकर टिफनी और माइकल होटल अमर विलास पैलेस रवाना हो गए। यहां टिफनी जिस कमरे में ठहरी हैं, वहां से ताजमहल एकदम साफ दिखाई देता है। लंच के बाद दोनों चार्टर्ड प्लेन से राजस्थान के जैसलमेर के लिए रवाना हो जाएंगे।**

### 2020 में ट्रम्प परिवार के साथ ताजनगरी आए थे

दरअसल, 2020 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी पत्नी मेलानिया, बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुशनर के साथ ताजमहल देखने आए थे। करीब 6 साल बाद ट्रम्प परिवार का एक और सदस्य ताजनगरी पहुंचा है। 25 मई को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो, पत्नी जेनेट के साथ ताजमहल देखने आए थे।

### टिफनी के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी और दामाद माइकल बुलोस के आगरा पहुंचने पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही हैं। दोनों शाम तक आगरा में रुकेंगे। फिर राजस्थान के जैसलमेर रवाना हो जाएंगे।



### टिफनी होटल अमर विलास पैलेस में ठहरीं, शाम को जैसलमेर रवाना होंगी

टिफनी ट्रम्प और पति माइकल आगरा के होटल अमर विलास पैलेस में ठहरे हुए हैं। लंच के बाद दोनों आराम करेंगे। शाम को जैसलमेर के लिए रवाना होंगे। टिफनी ट्रम्प और पति माइकल बुलोस ने करीब 50 मिनट तक ताजमहल को निहारा। दोनों ने डायना बेंच पर बैठकर फोटो खिंचवाई।

# प्रेमिका के सामने खुद को आग लगाकर दौड़ा प्रेमी

## वाराणसी में पेट्रोल लेकर लड़की के घर पहुंचा

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में एक प्रेमी ने प्रेमिका के सामने खुद को आग लगा ली। वह पेट्रोल लेकर लड़की के घर पहुंचा। लड़की से शादी करने की बात कही। इस पर लड़की ने परिवार वालों के सामने मना कर दिया। इससे गुस्साए लड़के (17) ने उसके सामने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। फिर दर्द और जलन से चिल्लाकर भागने लगा। लड़के को जलता देख पड़ोसियों ने उस पर पानी डालकर आग को बुझाया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लड़के को इलाज के लिए कबीरचौरा अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही। घटना चोलापुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव की है। राजापुर गांव निवासी अमन राजभर (17) पुत्र रामनिवास राजभर का जंसा थाना क्षेत्र के



हरसोस गांव की एक युवती से 2 साल से प्रेम संबंध है। शुक्रवार को अमन किसी काम से हरसोस गांव गया था। इस दौरान वह अपने पट्टीदार की रिश्तेदारी वाले घर पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात युवती से हुई। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। प्रेमिका की शादी कहीं और तय हो गई थी, जिससे आहत होकर वह उसके गांव आया। साथ में एक बोतल पेट्रोल भी लाया था। अमन ने अपनी प्रेमिका से शादी करने की बात कही। क्योंकि उसकी शादी कहीं और तय हो गई थी। इस वजह से लड़की ने मना कर दिया।

**फास्ट न्यूज**

### हाईकोर्ट से सिपाही हत्याकांड के आरोपी पति को जमानत

बाराबंकी। बाराबंकी में करीब एक साल पहले मसौली क्षेत्र में महिला सिपाही विमलेश पाल हत्याकांड में एक नया मोड़ आया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस मामले के मुख्य आरोपी और मृतका के पति सिपाही इंद्रेश मौर्य की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। कोर्ट ने यह फैसला पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सुबेहा थाने के सरकारी रिकॉर्ड (जीडी) के बीच पाए गए एक बड़े विरोधाभास के बाद लिया है।

### एम्स रायबरेली ने तंबाकू के खिलाफ निकाली रैली

रायबरेली। रायबरेली में तंबाकू के बढ़ते सेवन और इससे होने वाली घातक बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शनिवार को एक विशेष रैली का आयोजन किया गया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली ने इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया। एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. भोला ने इस रैली का नेतृत्व किया। इसमें एम्स के वरिष्ठ डॉक्टरों, पैरामेडि-कल स्टाफ और मेडिकल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों पर मारा छापा

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को कई खाद्य निर्माण इकाइयों और दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान आइसक्रीम, फ्रोजन डेजर्ट, योगर्ट, बादाम शेक और आइस कैंडी समेत कुल 8 खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

# उन्नाव में पुलिस मुठभेड़ ट्रक लुटेरा गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव पुलिस ने शनिवार सुबह 7.30 बजे ट्रक लूट के एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह कार्रवाई एसओजी, सर्विलांस और अजगैन थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नवाबगंज क्षेत्र में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने गुरुद्वारा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल आरोपी को तुरंत नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया।



पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम छोट्टन चौधरी बताया, जो बिहार के मोतिहारी का निवासी है। उसने स्वीकार किया कि वह 25 मई की रात अजगैन थाना क्षेत्र में ट्रक चालक को घायल कर ट्रक लूटने की घटना में शामिल था।

## मेरठ कैंट बोर्ड के सदस्य हैं ■ पार्किंग ठेका दिलाने के नाम पर मांगी थी रकम

# भाजपा नेता को सीबीआई ने 3 लाख रिश्वत लेते पकड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । मेरठ में कैंट बोर्ड के नामित सदस्य भाजपा नेता डॉ. सतीश चंद्र शर्मा को सीबीआई ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि उन्होंने कैंट बोर्ड में पार्किंग ठेका रिन्यू कराने के नाम पर एक ठेकेदार से 3 लाख रुपए की रिश्वत ली। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने 29 मई (शुक्रवार) की देर रात पल्लवपुरम स्थित अंसल टाउन में उनके आवास पर छापा मारा। दरअसल, शनिवार (आज) को कैंट बोर्ड की बैठक होनी थी, जिसमें पार्किंग ठेका रिन्यू करने पर फैसला होना था। ठेके को रिन्यू कराने के नाम पर डॉ. सतीश शर्मा ने ठेकेदार से 9 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच 3 लाख रुपए में सौदा तय हो गया था। लेकिन, ठेकेदार ने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी थी। इस पर CBI ने जाल बिछाया। शुक्रवार को सीबीआई टीम का एक सदस्य ठेकेदार के रिश्तेदार के रूप में डॉ. शर्मा के घर पहुंचा था। जैसे ही रिश्वत की रकम सौंपी गई, पहले से मौजूद सीबीआई अधिकारियों ने डॉ. सतीश को पकड़ लिया।





### चौथी बार कैंट बोर्ड के सदस्य नामित हुए हैं डॉ. सतीश शर्मा

डॉ. सतीश शर्मा पेशे से होम्योपैथी डॉक्टर हैं। वह केंद्रीय मंत्रालय की ओर से कैंट बोर्ड के नामित सदस्य हैं। वह चार बार से इसी पद पर बने हैं। कैंट बोर्ड में चुनाव नहीं होने की वजह से उन्हें नामित सभासद के रूप में नियुक्त किया जाता रहा है। डॉ. सतीश मूलरूप से लालकुर्ती इलाके के रहने वाले हैं। वर्तमान में अंसल टाउन में एक आलीशान कोठी में रहते हैं। शनिवार को होने वाली बैठक में राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई और सांसद अरुण गोविल समेत कैंट बोर्ड के अधिकारी और सदस्य शामिल होने वाले थे। इस दौरान यहां पर पार्किंग ठेका, कैंटीन का रिन्यू समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी थी।



■ तस्वीर में राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई के साथ डॉ. सतीश शर्मा (बाएं) हैं। फाइल फोटो

**गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की टीमों ने उनके घर की गहन तलाशी ली। इस दौरान 50 लाख रुपए से ज्यादा कैश मिला। साथ ही कई फाइलें और दस्तावेज भी जब्त किए गए। इनमें लेन-देन और कथित भ्रष्टाचार से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत होने की आशंका जताई जा रही है।**

## कानपुर में आरोपी के डर से छात्रा ने कॉलेज जाना छोड़ा, 1 महीने से घर में कैद

# कैफ ने राजदीप बनकर लॉ स्टूडेंट से किया रेप

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में धर्म बदलकर लॉ स्टूडेंट से रेप का मामला सामने आया है। मो. कैफ ने राजदीप सिंह बनकर युवती से दोस्ती की और झांसा देकर रेप किया। सच्चाई सामने आने पर छात्रा ने दूरी बढ़ा ली तो आरोपी उसका पीछा करने लगा। इससे परेशान छात्रा ने घर से निकलना और कॉलेज जाना छोड़ दिया। आरोपी की हरकतों से आजिज होकर परिवार के लोगों ने शुक्रवार को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी मो. कैफ को अरेस्ट कर लिया। आज युवक को कोर्ट में पेश करने के साथ पुलिस युवती का मेडिकल कराएगी।

युवक की धमकी के बाद छात्रा ने कॉलेज जाना बंद कर दिया है। छात्रा ने कहा- जब मैं घर से निकलती हूं तब आरोपी मेरा पीछा करता है। उसके डर से अब घर से निकलना भी बंद कर दिया है। युवती के परिवार के लोगों ने बताया- बेटी करीब 1 महीने से घर में कैद है। कोतवाली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने बताया कि आरोपी मो. कैफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे अरेस्ट कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेप, शांतिभंग करने के इरादे से किसी का अपमान करना, जानलेवा हमला करने, पीछा करने, अश्लीलता करने और धमकी देने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।





### कॉल पर ब्लॉक किया तो आरोपी घर पहुंच गया

युवती हरबंशमोहाल थाना क्षेत्र में रहती है। युवती ने बताया- वह सिविल लाइंस के एक कॉलेज से एलएलबी कर रही है। उसने बताया- घर में हम लोगों ने गाय पाली है। उसकी तबीयत खराब होने पर पशु चिकित्सालय कोपरगंज के वेटनरी डॉक्टर राजेन्द्र बाबू को दिखाया था। उन्होंने गाय को देखने और इलाज के लिए अपने असिस्टेंट मो. कैफ को घर पर भेजा था। इस दौरान मो. कैफ ने मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और अपना नाम राजदीप सिंह बताकर मोबाइल पर बातचीत शुरू कर दी। युवती ने बताया- इस दौरान उसने झांसा देकर शारीरिक संबंध भी बनाए। इसके बाद ब्लैकमेल करने लगा। छात्रा ने बताया- जब मुझे पता चला कि ये राजदीप नहीं बल्कि मो. कैफ है। वह हिन्दू नहीं मुस्लिम हैं। तब मैंने उससे बात करना छोड़ दिया।

# उपज ने मनाया 200वां हिंदी पत्रकारिता दिवस

## लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिकाः सांसद तेजवीर सिंह चौधरी

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) मथुरा के तत्वावधान में शनिवार को 200वां हिंदी पत्रकारिता दिवस, विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन एक स्थानीय होटल में किया गया। कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्षों के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में आयोजक एवं उपज जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी, विशिष्ट अतिथि बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रसून शुक्ला, उपज प्रदेश महामंत्री आनंद कर्ण, बलदेव ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी सहित अन्य अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर एवं राधा-कृष्ण का छायाचित्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज को जागरूक करने, जनसम-स्याओं को उठाने और शासन-प्रशा-सन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता की दो सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, डिजिटल युग की चुनौतियों तथा निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। साथ ही पत्रकारों के मानदेय, सुरक्षा एवं अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर भी गंभीरता से प्रकाश डाला गया। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सी.पी. सिकरवार, हेमंत अग्र हरि,सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्र-तिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### राजस्थान के 5...

स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा रेतीला तूफान पहले कभी नहीं देखा। धूल का गुबार 80-100 फीट ऊंचा था। हालांकि तूफान की ऊंचाई का आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है।

इधर तूफान के असर से कई पेड़ उखड़ गए, लाइट पोल टूट गए। फिलहाल किसी की मौत की जानकारी सामने नहीं आई है। दरअसल पाकिस्तान से उठे तूफान का असर राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों पर हुआ है।

देश के कई शहरों में इन दिनों टेम्प्रेचर 45 डिग्री सेल्सियस के पार है। इस मौसम में थोड़ी सी लापरवाही बच्चे की सेहत पर भारी पड़ सकती है। उनकी दिनचर्या और खानपान में कुछ बदलाव करके उन्हें हीट स्ट्रोक यानी लू से बचाया जा सकता है।

### मानसून 7 दिनों...

देश में सामान्य मानसूनी बारिश का औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है।

### बंगाल में अभिषेक...

आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया।

हमले के बाद अभिषेक ने चुनाव के बाद हुई हिंसा में मारे गए TMC कार्यकर्ता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा- मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा और संसद में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दूंगा। जब तक पुलिस नहीं आती, मैं पीड़ित परिवार को नहीं छोड़ूंगा, नहीं तो लोग उन्हें मार सकते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गेः एक बड़े विपक्षी नेता को पूरी पुलिस सुरक्षा न देना BJP की बदले की राजनीति को दिखाता है। पश्चिम बंगाल और केंद्र सरकार को सभी विपक्षी नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। ऐसे हमले रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। राजनीतिक मतभेद हिंसा का कारण नहीं बन सकते।

अखिलेश यादवः अभिषेक बनर्जी पर जानलेवा हमला करवाकर बंगाल की अराजक भाजपा सरकार ने साबित कर दिया है कि भाजपा नफरत भरी नकारात्मक हिंसक राजनीति के सिवा और कुछ नहीं कर सकती है। इतने संवेदनशील वातावरण में भी पुलिस की व्यवस्था न होना एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। घोर निंदनीय।

आज सुबह ही अभिषेक को पश्चिम बंगाल CID ने कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले में समन भेजा है। उन्हें सोमवार दोपहर 12 बजे CID मुख्यालय भवानी भवन में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। PTI के मुताबिक, CID अधिकारियों ने शनिवार को उनके कालीघाट स्थित आवास पर जाकर नोटिस सौंपा।

### रक्षामंत्री के साथ...

यह युद्धपोत 35 साल की सेवा के बाद 28 मई 2022 को नौसेना से रिटायर हुआ था। सीएम योगी ने कहा-याद कीजिए 2017 से पहले इसी उत्तर प्रदेश में हर रोज कर्फ्यू लगता था। पेशेवर माफिया और अपराधियों ने जीना हराम कर दिया था। सामने वाला यदि देश के लिए खतरा है, तो उसके साथ अहिंसा नहीं, बल्कि उसे उसी भाषा में जवाब देने के लिए हिंसा का रास्ता अपनाना चाहिए।

पर्यटन विभाग ने नौसेना की मदद से यह वाटिका विकसित की है, जो लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम के गेट नंबर-5 के पास स्थित है। वाटिका 2 एकड़ क्षेत्र में बनी है। करीब 19 करोड़ रुपए की लागत आई है। इसे बनने में 4 साल लगे हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार, वाटिका में INS गोमती के साथ कुछ जहाजों के पाट्र्स और हथियार रखे गए हैं। इनमें AK-726 मीडियम रेंज गन, CET-53M टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम, जिफ-101 लॉन्चर, कैपस्टन ड्रम और जहाज का बड़ा प्रोपेलर (पंखा) शामिल हैं। INS गोमती को नौसेना से रिटायर किया जा चुका है। इनके जरिए लोगों को भारतीय नौसेना की तकनीकी ताकत और युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी मिलेगी।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- हर क्षेत्र में यूपी अब अप (UP) कर रहा है। यानी आगे बढ़ रहा है। हम सभी इस वाटिका को आप सभी लोगों को समर्पित कर रहे हैं। आप लोग यहां अपने परिवार और बच्चों के साथ आइए। यहां घूमिए और जानिए कि नौसैनिकों की ड्रेस कपड़ा नहीं, बल्कि एक कर्तव्य है।

### सीयूईटी यूजी...

इस हंगामे के बाद आनन-फानन में एनटीए को आधिकारिक नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देना पड़ा है.

एनटीए ने अपने ऑफिशियल नोटिस में स्वीकार किया है कि सीयूईटी यूजी परीक्षा कराने वाली टेक्निकल पार्टनर कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (M/s TCS) के एंड पर एक बड़ी तकनीकी खराबी आ गई थी. इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण सुबह की शिफ्ट की परीक्षा में देरी हुई. इस बड़ी चूक का सीधा असर अब दोपहर की शिफ्ट पर भी पड़ा है, जिसके चलते एनटीए को दोपहर के सत्र के समय में बड़ा बदलाव करना पड़ा है. एजेंसी ने इस असुविधा के लिए छात्रों और अभिभावकों से खेद जताया है और भरोसा दिया है कि किसी भी उम्मीदवार का समय का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा.

भारत की ज्यादातर यूनिवर्सिटीज में सीयूईटी यूजी स्कोर के आधार पर एडमिशन मिलता है. आज, 30 मई को सीयूईटी परीक्षा शुरू होते ही टीसीएस के सिस्टम ने जवाब दे दिया. एनटीए ने बताया कि टीसीएस की तरफ से आई इस तकनीकी खराबी के कारण कुछ चुनिंदा सेंटर्स पर परीक्षा समय से शुरू नहीं हो सकी. कंप्यूटर स्क्रीन और सर्वर डाउन होने की वजह से छात्र अपनी सीटों पर बैठे इंतजार करते रहे. हालांकि, एनटीए का दावा है कि अब इस तकनीकी खराबी को पूरी तरह से ठीक कर लिया गया है और प्रभावित सेंटर्स पर परीक्षा दोबारा सुचारू रूप से शुरू करा दी गई है.

देरी से परेशान सुबह की शिफ्ट के उम्मीदवारों को राहत देते हुए एनटीए ने साफ किया है कि किसी भी उम्मीदवार के साथ नाइंसाफी नहीं होगी. तकनीकी खराबी के कारण जितना भी समय बर्बाद हुआ है, उसकी पूरी भरपाई 'कंपनसेटरी टाइम' (Compensatory Time) देकर की जा रही है. छात्रों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए निर्धारित पूरा समय दिया जाएगा. इसके साथ ही एनटीए ने सुरक्षा और गोपनीयता का हवाला देते हुए सख्त नियम लागू किया है कि सुबह की शिफ्ट का कोई भी उम्मीदवार अपना पेपर पूरा किए बिना या निर्धारित समय से पहले एग्जाम हॉल से बाहर नहीं निकल सकेगा.

### आईएसआई-दाऊद...

पुलिस के मुताबिक विजय उर्फ शूटर को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में आतंकी और आपराधिक गतिविधियां संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। साथ ही उसे दिल्ली-एनसीआर में युवाओं की भर्ती कर उन्हें नेटवर्क से जोड़ने का काम भी सौंपा गया था।

विजय को 14 मई को पुणे से और उसके सहयोगी नितीश पासवान को 17 मई को झारखंड के साहिबगंज से गिरफ्तार किया गया। दोनों की भर्ती मुंबई के एक व्यक्ति हुजैफा ने की थी, जो फिलहाल फरार है।

विजय से पूछताछ के बाद पुलिस ने 27 मई को मुंबई से तौकीर रिजवान अहमद शेख और साजिद महबूब शेख उर्फ अरबाज खान को गिरफ्तार किया।

### शिवकुमार होंगे...

दोनों को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

सभी विधायकों ने मिलकर प्रस्ताव पास किया, इसमें यह तय किया गया कि नए नेता का फैसला कांग्रेस की केंद्रीय लीडरशिप करेगी। इसके बाद सिद्धारमैया ने खुद डीके शिवकुमार का नाम नए CLP नेता के तौर पर पेश किया। गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने प्रस्ताव का समर्थन किया, सभी विधायकों ने एकमत से इसका समर्थन किया। शिवकुमार ने एक प्रस्ताव रखकर सिद्धारमैया का शुक्रिया अदा किया। बैठक के दौरान सिद्धारमैया, वेणुगोपाल और सुरजेवाला अलग कमरे में चले गए और आपस में बात की। इसके बाद बैठक फिर शुरू हुई और शिवकुमार को नेता चुना गया।

## सबसे कम गेंदों में आईपीएल में हजार रन पूरे किए, गुजरात ने अपना सबसे बड़ा रनचेज किया

# राजस्थान की हार के बाद रो पड़े सूर्यवंशी

**निराशा**

**न्यू चंडीगढ़, एजेंसी**



गुजरात टाइटंस ने IPL 2026 के क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया। राजस्थान के फाइनल की रेस से बाहर होने के बाद वैभव सूर्यवंशी रो पड़े। उन्होंने इस मैच में सबसे कम गेंद पर हजार रन पूरे करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वहीं गुजरात टाइटंस ने IPL में अपना सबसे बड़ा रनचेज करते हुए IPL 2026 के फाइनल में जगह पक्की की।

सूर्यवंशी ने गुजरात के खिलाफ पावरप्ले में 31 रन बनाए। इसके साथ ही वह एक IPL सीजन के पावरप्ले में 500 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस सीजन पावरप्ले में 233.63 के स्ट्राइक रेट से 521 रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंने 2016 में पावरप्ले में 467 रन बनाए थे।

सूर्यवंशी ने न्यू चंडीगढ़ में IPL में अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए। वे अपनी 23वीं पारी में इस आंकड़े तक पहुंचे। वे IPL में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने साई सुदर्शन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने इसके लिए 25 पारी खेली थी। ओवरऑल IPL में सबसे कम पारी में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ियों में वे शॉन मार्श (21 पारी) और लेंडल सिमंस (23 पारी) के बाद तीसरे नंबर पर हैं।

सूर्यवंशी ने गुजरात के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 96 रन पर आउट हुए। वे IPL में सबसे ज्यादा बार 'नर्वस नाइंटीज' (90-99 रन) का शिकार होने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। वे इसी सीजन पिछली चार पारी में तीसरी बार 90 से 99 रन के बीच आउट हुए। इससे पहले डेविड वॉर्नर, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल और ऋतुराज गायकवाड़ IPL में 3-3 बार 90s में आउट हो चुके हैं।

### आईपीएल में गुजरात ने अपना सबसे बड़ा सफल रन चेज किया

गुजरात ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 215 रन का टारगेट चेज किया। यह IPL में गुजरात का अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। इससे पहले उनको सबसे बड़ी जीत 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली थी। तब टीम ने अहमदाबाद में 204 रन चेज किया था।

### वैभव आईपीएल में सबसे कम गेंद पर हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

सूर्यवंशी ने शुक्रवार को 440 गेंद में अपने 1000 IPL रन पूरे किए। वे IPL में सबसे कम गेंद में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जिन्होंने हजार रन बनाने के लिए 545 गेंद खेली थी।



**गुजरात ने राजस्थान के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 215 रन का टारगेट हासिल किया। यह आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। उन्होंने गुजरात रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2025 के क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 204 रन चेज किए थे।**

## सैम करन के आईपीएल छोड़ने पर भड़के संगकारा

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन के IPL से हटने पर सवाल उठाए हैं। संगकारा ने शुक्रवार को कहा- 'करन ने सीजन खत्म करने वाली चोट का हवाला देकर टूर्नामेंट छोड़ा था, लेकिन बाद में वे इंग्लैंड में सरे के लिए खेलते नजर आए, जो निराशाजनक है।'

श्रीलंका के पूर्व लेफ्टी बैटर ने गुजरात से क्वालिफायर-2 में हारने के बाद कहा- 'हमें बताया गया था कि सैम करन की चोट सीजन खत्म करने वाली है, लेकिन अब मैंने उन्हें सरे के लिए खेलते देखा है। यह निराशाजनक है।'

करन के हटने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने रिप्लेसमेंट के तौर पर श्रीलंका के दासुन शनाका को टीम में शामिल किया था। लेकिन, वे खास प्रदर्शन नहीं कर सके।

संगकारा ने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर सख्त नियम जरूरी हैं। BCCI की मौजूदा नीति सही दिशा में है। उन्होंने कहा कि गंभीर चोटों को समझा जा सकता है, लेकिन खिलाड़ियों को अपनी अनुबंध संबंधी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।



**कहा- चोट सीजन भर ठीक न होने वाली थी, तो सरे के लिए क्यों खेल रहे**

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने भी कहा है कि BCCI और विदेशी बोर्डों को खिलाड़ियों की उपलब्धता के मामले में बेहतर तालमेल बिठाने की जरूरत है, ताकि टीम के संतुलन पर ज्यादा असर न पड़े।

# फ्रेंच ओपन: जोकोविच तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार

## कैमरामैन पर भड़के, 19 साल के फोन्सेका ने 5 घंटे चले मैच में हराया





**पेरिस, एजेंसी**

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार हो गए। उन्हें शुक्रवार रात को 19 साल के ब्राजीली खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने लगभग पांच घंटे चले मैच में दो सेट से पिछड़ने के बाद 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराया। 39 साल के जोकोविच मैच के दौरान शारीरिक रूप से संघर्ष करते नजर आए। भीषण गर्मी में उन्हें कई बार आइस पैक का इस्तेमाल करना पड़ा। एक मौके पर वे टेलीविजन कैमरा क्रू पर भी नाराज हो गए और कैमरा पीछे हटाने को कहा। जोकोविच शुरुआती दो सेट जीतने के बावजूद बढ़त कायम नहीं रख सके। फोन्सेका ने चौथे सेट में हार के करीब पहुंचने के बाद शानदार वापसी की और निर्णायक सेट में भी पीछे रहने के बावजूद मुकाबला पलट दिया। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच का अंत लगातार तीन ऐस लगाकर किया और अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ फोन्सेका ग्रैंड स्लैम में जोकोविच को हराने वाले पहले किशोर खिलाड़ी बन गए हैं।

## मैदान पर नहीं दिखेंगे पाकिस्तान के सबसे बड़े फैन 'चाचा क्रिकेट'

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट के सबसे बड़े समर्थकों में गिने जाने वाले 'चाचा क्रिकेट' अब स्टेडियमों से विदाई लेने जा रहे हैं। 77 वर्षीय अब्दुल जलील अगले हफ्ते लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज के बाद देश में मैचों के दौरान टीम को चीयर करना छोड़ देंगे।

हरे कुर्ते, टोपी और हाथ में पाकिस्तान का झंडा लिए चाचा क्रिकेट पिछले कई दशकों से टीम की पहचान बने हुए हैं। उन्होंने सिर्फ जीत के जश्न ही नहीं देखे, बल्कि हार के दर्द को भी करीब से महसूस किया है।

क्रिकेट से उनका रिश्ता 1968-69 में शुरू हुआ जब उन्होंने लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच देखा। इसके बाद खेल के प्रति उनका जुनून इतना बढ़ा कि नौकरी के लिए यूएई में रहने के बावजूद पाकिस्तान के मैच देखने के लिए लंबी यात्राएं किया करते थे।

## राजस्थान को 7 विकेट से हराया, गिल का शतक, सूर्यवंशी के 96 रन काम न आए

# गुजरात तीसरी बार आईपीएल के फाइनल में

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस IPL में तीसरी बार फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। फाइनल में 31 मई को गुजरात का मुकाबला अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

शुक्रवार को मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। गुजरात का IPL में यह सबसे बड़ा रन चेज है। पिछला सबसे बड़ा सफल रन चेज 204 रनों का था।

जडेजा ने भी जिम्मेदारी से खेलते हुए नाबाद 45 रन बनाए। बीच में रियान पराग (11), दासुन शनाका (3) और जोफ्रा आर्चर (7) जल्दी आउट हो गए, लेकिन आखिरी ओवरों में डोनोवन फरेरा ने सिर्फ 11 गेंदों में नाबाद 38 रन ठोके, जिसमें 2 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। फरेरा और जडेजा के बीच सातवें विकेट के लिए नाबाद 42 रन की साझेदारी हुई, जिसने राजस्थान को 200 के पार पहुंचाया।

गुजरात की ओर से कगिसो रबाडा और जोसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को 1-1 सफलता मिली। राहुल तेवतिया ने आखिर में ब्रिजेश शर्मा के ओवर की पहली दो गेंदों पर लगातार दो चौके जड़कर गुजरात को जीत के करीब पहुंचा दिया। तीसरी गेंद को उन्होंने वाइड समझकर छोड़ दिया, लेकिन अंपायर ने उसे सही गेंद माना।



> **इससे पहले, राजस्थान के लिए राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल पहले ही ओवर में 1 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने 47 गेंदों में 96 रन की पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे।**

### गिल ने 104 रन की कप्तानी पारी खेली

गुजरात के जीत के हीरो शुभमन गिल रहे, जिन्होंने 53 गेंदों में 104 रन की कप्तानी पारी खेली। उनकी पारी में 15 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं साई सुदर्शन ने भी 32 गेंदों में 58 रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी हुई, जिसने राजस्थान को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। सुदर्शन लगातार दूसरे मैच में हिट विकेट आउट हुए, जबकि गिल को जोफ्रा आर्चर ने LBW किया। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने 16 रन की तेज पारी खेली और आखिर में राहुल तेवतिया ने 9 गेंदों में नाबाद 17 रन बनाकर छक्का लगाते हुए मैच खत्म किया। जोस बटलर 9 रन बनाकर नाबाद लौटे। राजस्थान की ओर से आर्चर, नांद्रे बर्गर और ब्रिजेश शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

## मनोरंजन



### जैकी श्रॉफ बोले- मैं सलमान की तस्वीरें लेकर कई जगह जाता था

# 'सलमान खान को पहली फिल्म मैंने दिलाई थी'



**वर्क फ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ जल्द द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरोः एलियंस का आगमन में नजर आएंगे, जो 29 मई को रिलीज होने वाली है।**

नई दिल्ली। एक्टर जैकी श्रॉफ ने सलमान खान के करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने उन्हें पहली फिल्म दिलाने में मदद की थी।

बातचीत में जैकी ने कहा कि उस समय सलमान फिल्म फलक (1988) में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे, जबकि उनके पिता सलीम खान फिल्म के डायलॉग लिख रहे थे। जैकी ने कहा, 'मैंने सल्लू बाबा को उनकी पहली फिल्म बीवी हो तो ऐसी दिलाई थी। हालांकि बाद में मैंने प्यार किया रिलीज हुई और उसी ने उन्हें स्टार बना दिया।' उन्होंने बताया कि सेट पर सलमान की तस्वीर देखने के बाद उन्हें लगा था कि सलमान तो बहुत हैंडसम हैं। जैकी ने कहा,'मैं उनकी फोटो लेकर सुभाष घई जी के पास गया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। फिर मैं उसे के सी बोकाड़िया के पास ले गया। उन्होंने अपने साले को फोटो दिखाने के लिए कहा और इसी तरह सलमान को वह रोल मिला। मैं उनकी तस्वीरें लेकर कई जगह जाता था।'

### शाहरुख खान के बारे में भी की बात

जैकी श्रॉफ ने शाहरुख खान से अपनी पहली मुलाकात को भी याद किया। जो फिल्म किंग अंकल (1993) की शूटिंग के दौरान हुई थी, जिस फिल्म में शाहरुख उनके छोटे भाई की भूमिका निभा रहे थे। जैकी ने कहा, 'शाहरुख एक गाने की शूटिंग के लिए सेट पर आए थे और एक कोने में चुपचाप बैठे थे। उनमें सम्मान दिखाने का एक खास तरीका था, लेकिन वह अपनी दूरी भी बनाए रखते थे। मुझे वह बहुत आकर्षक लगे और उनकी मुस्कान बेहद खूबसूरत थी।"

# रणवीर सिंह के समर्थन में आए राम गोपाल वर्मा

**डॉन 3 विवाद पर बोले- एफडब्ल्यूआईसीई को बैन करो, एक्टर को नहीं**

नई दिल्ली। 'डॉन 3' विवाद के बीच फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा रणवीर सिंह के सपोर्ट में सामने आए हैं। साथ ही उन्होंने फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) द्वारा रणवीर के खिलाफ जारी 'नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव' (असहयोग निर्देश) पर भी सवाल उठाए।



राम गोपाल वर्मा ने लिखा,FWICE को बैन करो, रणवीर सिंह को नहीं। गांधीजी के अंदाज वाला यह तथाकथित बैन या असहयोग आखिरकार FWICE के लिए ही एक बड़ा मजाक बन जाएगा।FWICE जिस तरह इसे इंडस्ट्री या कर्मचारियों की सुरक्षा बता रहा है, असल में मामला वैसा नहीं है। यह एक पुरानी और बेकार यूनियन सिस्टम की ताकत दिखाने की कोशिश भर है, जो किसी तरह अपना प्रभाव बनाए रखना चाहती है।चाहे FWICE यह दावा करे कि वह 5 लाख या 50 लाख कर्मचारियों की आवाज है, लेकिन सच्चाई यह है कि उन लाखों लोगों में से ज्यादातर को दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद की असली जानकारी तक नहीं है। FWICE को 'कंगारू कोर्ट' बताते हुए राम गोपाल वर्मा ने लिखा,FWICE न तो कोई लीगल कोर्ट है और न ही सरकार से ऑथराइज्ड रेगुलेटरी बॉडी।

# बॉबी देओल ने वैभव सूर्यवंशी को दी सलाह

## बोले- जब कोई अच्छा खेलता है, जलन भी होने लगती है, लोगों पर ध्यान न दें

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल ने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की है। बॉबी देओल ने कहा कि वैभव एक असाधारण प्रतिभा हैं और भगवान उन्हें बुरी नजर से बचाए।

इंटरव्यू में जब उनसे वैभव सूर्यवंशी की शानदार बल्लेबाजी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'वह एक फिनॉमेनन हैं। जब कोई इतना अच्छा खेलता है तो हर कोई उसे देखने लगता है। जलन भी होती है। कभी-कभी अपनों की नजर लग जाती है।'

वैभव को सलाह देते हुए बॉबी ने कहा, 'मैं यही चाहता हूं कि वह जिस तरह खेल रहा है, वैसे ही खेलता रहे। ज्यादा न सोचे कि लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं।'

बॉबी ने कहा कि उन्हें वैभव के 97 रन पर आउट होने का दुख हुआ था। उन्होंने बताया कि वह मैच अपने फोन पर देख रहे थे। एक्टर ने यह भी कहा कि वह IPL के पहले सीजन से ही राजस्थान रॉयल्स के सपोर्टर रहे हैं, क्योंकि वह शेन वॉर्न के बहुत बड़े फैन थे।

अमिताभ बच्चन भी वैभव सूर्यवंशी के फैन हो गए हैं। उन्होंने X पर वैभव की तारीफ करते हुए लिखा- '15 साल की उम्र का अद्भुत सूर्या। इस उम्र में तो हम बंटों और गुल्ली-डंडा भी ठीक से नहीं खेल पा रहे थे।'सूर्यवंशी ने न्यू चंडीगढ़ में IPL में अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए। वे अपनी 23वीं पारी में इस आंकड़े तक पहुंचे। वे IPL में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बने।



**सूर्यवंशी ने शुक्रवार को 440 गेंद में अपने 1000 आईपीएल रन पूरे किए। वे आईपीएल में सबसे कम गेंद में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जिन्होंने हजार रन बनाने के लिए 545 गेंद खेली थी।**

### सूर्यवंशी एक सीजन में पावरप्ले में 500+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी

सूर्यवंशी ने गुजरात के खिलाफ पावरप्ले में 31 रन बनाए। इसके साथ ही वह एक IPL सीजन के पावरप्ले में 500 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस सीजन में पावरप्ले में 233.63 के स्ट्राइक रेट से 521 रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंने 2016 में पावरप्ले में 467 रन बनाए थे।



# माधुरी दीक्षित का फेक वीडियो वायरल

**अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस रिवीलिंग गाउन में दिखीं, 2023 में रश्मिका मंदाना डीपफेक का शिकार हुई थीं**

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस एक रिवीलिंग ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं, जिसे देखकर कई लोगों ने उनके पहनावे पर कमेंट करने शुरू कर दिए। हालांकि, वीडियो को लेकर पत्रकार जयदीप पांडेय ने दावा किया कि यह वीडियो फेक AI वीडियो है।

जयदीप ने एक यूजर को रिप्लाई करते हुए लिखा, 'यह माधुरी दीक्षित का AI से बनाया गया फर्जी वीडियो है। कृपया ऐसी कोई भी चीज पोस्ट या शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर कर लें।' कई यूजर्स ने इस वीडियो को शेयर किया। वहीं, एक यूजर की पोस्ट पर कम्यूनिटी नोट जारी कर X (पूर्व में ट्विटर) ने कहा कि वीडियो पूरी तरह से AI की मदद से तैयार किया गया है। गौरतलब है कि कई सेलिब्रिटी एआई-जनरेटेड कंटेंट का शिकार हो चुके हैं, जिनमें रश्मिका मंदाना, कैटरीना कैफ और कीर्ति सुरेश शामिल हैं। हाल ही में फेक एआई से बने वीडियो और तस्वीरों को लेकर साउथ एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत भड़क गई थीं। रुक्मिणी ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक नोट शेयर कर लिखा था, 'मेरी टीम और मैंने सोशल मीडिया पर कुछ एआई से बनाई गई तस्वीरें देखी हैं, जिनके बारे में दावा किया जा रहा है कि वो मेरी हैं। मैं साफ कहना चाहती हूं कि ये तस्वीरें पूरी तरह फर्जी और बनाई गई हैं। इस तरह की एडिटेड तस्वीरें बनाना और फैलाना बहुत गैरजिम्मेदाराना है।



## व्हाइट हाउस ने जारी की मेडिकल रिपोर्ट, कॉलेस्ट्रॉल-हार्ट की दवाएं ले रहे

# ट्रम्प 80 साल की उम्र में पूरी तरह फिट



■ ट्रम्प के हाथों पर दिख रहे निशानों को लेकर कई महीनों से सवाल उठ रहे थे।

**स्वास्थ्य**




**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

ट्रम्प अगले महीने 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। उम्र के इस पड़ाव पर भी वह पूरी तरह फिट हैं। व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई मेडिकल रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की है। इसमें उनकी सेहत को बेहतरीन बताया गया है।

मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प इस समय कॉलेस्ट्रॉल और हार्ट के लिए कुल तीन दवाएं ले रहे हैं। इनमें दो दवाएं, 'रोसुवास्टैटिन' और 'एजेटिमिब' कॉलेस्ट्रॉल कंट्रोल के लिए हैं। वहीं एक लो-डोज 'एस्पिरिन' हार्ट संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए दी जा रही है।

व्हाइट हाउस के डॉक्टर शॉन पी. बारबाबेला ने बताया कि राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियां निभाने के लिए ट्रम्प पूरी तरह फिट हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि उनकी कार्डियक, फेफड़ों और न्यूरोलॉजिकल हेल्थ मजबूत है। ट्रम्प के हाथों पर दिख रहे निशानों को लेकर पिछले कई महीनों से सवाल उठ रहे हैं। मेडिकल रिपोर्ट में इसे लेकर भी सफाई दी गई है। डॉक्टर बारबाबेला के मुताबिक, बार-बार लोगों से हाथ मिलाने और एस्पिरिन लेने की वजह से उनके हाथों पर हल्के निशान पड़ रहे हैं। हालांकि, पहले कुछ डॉक्टर इस दावे पर सवाल उठा चुके हैं। उनका कहना था कि निशान ट्रम्प के बाएं हाथ पर ज्यादा दिखे, जबकि वे दाएं हाथ से काम करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प के पैरों के निचले हिस्से में हल्की सूजन थी, जो पिछले साल की तुलना में बेहतर हुई है। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई। 79 साल के डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद संभालने वाले सबसे उम्रदराज नेताओं में शामिल हैं। पिछले एक साल में उनके पैरों में सूजन, कुछ कार्यक्रमों में नींद में दिखने और गर्दन पर निशानों को लेकर लगातार चर्चा होती रही है। व्हाइट हाउस पहले बता चुका है कि ट्रम्प को 'क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी' की समस्या है। यह उम्र से जुड़ी एक सामान्य बीमारी है, जिसमें पैरों में ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है। मार्च में उनकी गर्दन पर दिखे रैश को लेकर भी कहा गया था कि वह स्किन ट्रीटमेंट की वजह से था। इसी बीच, ट्रम्प और उनके सहयोगी लगातार यह दावा करते रहे हैं कि उन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं है। ट्रम्प ने हमेशा अपने स्टैमिना और मानसिक क्षमता को अपनी सार्वजनिक छवि का अहम हिस्सा बताया है। वहीं, ट्रम्प ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा था, "वॉल्टर रीड मिलिट्री मेडिकल सेंटर में मेरा 6 महीने का फिजिकल पूरा हुआ। सबकुछ बिल्कुल परफेक्ट निकला।" हालांकि, कई डॉक्टरों ने 6 महीने के फिजिकल वाले दावे पर सवाल उठाए। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की प्रोफेसर और डॉक्टर इशानी गांगुली ने कहा कि आमतौर पर फुल फिजिकल टेस्ट साल में एक बार होता है। छह महीने के फॉलोअप को आमतौर पर फिजिकल नहीं कहा जाता।

### डॉक्टर ने वजन कम करने की सलाह दी

ट्रम्प का वजन अब 238 पाउंड यानी करीब 108 किलो है। अप्रैल 2025 की पिछली मेडिकल जांच में उनका वजन 224 पाउंड यानी करीब 101.6 किलो था। ट्रम्प की लंबाई 6 फीट 3 इंच बताई गई है।

जांच में शामिल डॉक्टर बारबाबेला ने ट्रम्प को वजन कम करने, हेल्दी डाइट अपनाने और ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी की सलाह दी है। उन्हें कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ और वेट लॉस को लेकर काउंसलिंग भी दी गई।

### 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ट्रम्प की जांच की

ट्रम्प का यह मेडिकल चेकअप मंगलवार को वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुआ। व्हाइट हाउस के मुताबिक, इस दौरान 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उनकी जांच की। इसमें CT स्कैन, हार्ट इमेजिंग, कैंसर स्क्रीनिंग और कई प्रिवेंटिव टेस्ट शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प का कॉग्निटिव (याद रखने- फैसले लेने की क्षमता) और फिजिकल परफॉर्मेंस एक्सीलेंट है। डॉक्टर ने लिखा कि ट्रम्प के व्यस्त शेड्यूल, लगातार मीटिंग्स, पब्लिक इवेंट्स और शारीरिक गतिविधियां उनकी ओवरऑल हेल्थ को सपोर्ट करती हैं।

■ **मेडिकल रिपोर्ट में एक और असामान्य बात शामिल की गई। डॉक्टर बारबाबेला ने दावा किया कि इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम के आधार पर ट्रम्प की 'कार्डियक एज' (यानी दिल की वास्तविक उम्र) उनकी असली उम्र से 14 साल कम है। कुछ स्वतंत्र डॉक्टरों ने इसे मेडिकल रिपोर्ट में शामिल किए जाने को असामान्य बताया।**

**फास्ट न्यूज**

### इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,654 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 23 मई को 1.58 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.66 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.63 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 2,650 रुपए कम हुई।

### स्पाइसजेट को 125 करोड़ का टैक्स नोटिस मिला

नई दिल्ली। गुड्स एंड सर्विस टैक्स (GST) डिपार्टमेंट ने बजट एयरलाइन स्पाइसजेट को करीब 125 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, आर्थिक तंगी से जूझ रही इस एयरलाइन पर कई महीनों से GST रिटर्न फाइल नहीं करने का आरोप है। इसके साथ ही विभाग ने स्पाइसजेट का GST रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। GST डिपार्टमेंट ने रिटर्न फाइल करने में बार-बार हो रही देरी और नियमों का पालन न करने पर स्पाइसजेट को एक शो-कॉज (कारण बताओ) नोटिस भेजा है।

### 'नागास्त्र' के बाद एंटी-ड्रोन सिस्टम बना रही भारतीय कंपनी

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस स्वदेशी वेपनाइज्ड ड्रोन 'नागास्त्र' ने दुश्मन की साजिश को नाकाम किया, उसे सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने बनाया है। कंपनी के फॉउंडर और चेयरमैन पद्मश्री सत्यनारायण नुवाल ने बताया कि देश की सुरक्षा के लिए इन रोबोट्स को माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी तैनात किया जा सकेगा।

## जर्मनी के म्यूनिख एयरपोर्ट पर ड्रोन अलर्ट कई उड़ानें हुईं प्रभावित



**नई दिल्ली, एजेंसी**

जर्मनी के दक्षिणी हिस्से में स्थित म्यूनिख एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह ड्रोन दिखने की आशंका के बाद कुछ समय के लिए उड़ान संचालन रोक दिया गया। जर्मन मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया। स्थानीय मीडिया संस्थानों ने बताया कि एयरपोर्ट पर संभावित ड्रोन देखे जाने की सूचना मिलने के बाद उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। हालांकि बाद में उड़ान सेवाएं फिर से शुरू कर दी गईं। इस घटना को लेकर एयरपोर्ट प्रशासन और पुलिस की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई।

सुबह करीब 10 बजे तक एयरपोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कई उड़ानें देरी से चल रही थीं या रद्द कर दी गई थीं। हालांकि सभी उड़ानें प्रभावित नहीं हुईं।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ड्रोन देखे जाने की सूचना कितनी गंभीर थी और सुरक्षा एजेंसियों की जांच में क्या सामने आया। एयरपोर्ट पर स्थिति सामान्य होने के बाद उड़ान संचालन दोबारा शुरू कर दिया गया।

## 90 सेकेंड में 32 शब्द सही लिखे, लगातार पांचवीं बार भारतीय मूल का छात्र विजेता बना

# 14 साल के श्रेय ने स्पेलिंग बी प्रतियोगिता जीती

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**



अमेरिका की सबसे कठिन मानी जाने वाली प्रतियोगिता 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' का खिताब 14 साल के भारतीय-अमेरिकी छात्र श्रेय पारिख ने जीत लिया है। कैलिफोर्निया के श्रेय पारिख ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग लिखी और न्यू जर्सी के 12 साल ईशान गुप्ता को हराकर यह खिताब जीता। कैलिफोर्निया के रैंचो कुकामोंगा निवासी श्रेय पारिख आठवीं कक्षा के छात्र हैं। स्पेलिंग बी के नियमों के अनुसार यह उनका आखिरी साल था, क्योंकि आठवीं कक्षा के बाद प्रतियोगी हिस्सा नहीं ले सकते। जीत के साथ उन्हें 50 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित स्क्रिप्स कप मिला। यह लगातार पांचवीं बार है जब किसी भारतीय मूल के छात्र ने स्पेलिंग बी का खिताब जीता है।

बालू नटराजन नाम के पहले भारतवंशी छात्र ने 1985 में इस खिताब को जीता था। इसके बाद रागेश्री रामचंद्रन ने 1988 में जीत हासिल की। 1999 में नुपूर लाला के जीतने के बाद से सिर्फ पांच बार ऐसा हुआ जब भारतीय मूल के छात्र यह ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। साल 2008 में समीर मिश्रा की जीत के साथ भारतीय-अमेरिकियों का लगातार 12 साल तक इस प्रतियोगिता में वर्चस्व कायम करने का सिलसिला शुरू हुआ था।




### 9वें राउंड तक नहीं मिला कोई विजेता


इस बार मुकाबला इतना कड़ा था कि 9 राउंड के बाद भी विजेता तय नहीं हो सका। श्रेय ने Philepitta (फिलेपिट्टा) और ईशान ने Ertebolle (एर्टेबोले) शब्द सही लिखे, जिसके बाद निर्णायकों ने स्पेल-ऑफ कराया। स्पेल-ऑफ में 90 सेकंड के भीतर ज्यादा से ज्यादा शब्दों की सही स्पेलिंग बतानी होती है। श्रेय ने 35 में से 32 शब्द सही बताए और नया रिकॉर्ड बना दिया। ईशान ने 25 शब्द सही लिखे। एक विजेता तय करने के लिए 2021 में स्पेल-ऑफ नियम शुरू किया गया था। इसमें एक प्रतियोगी मंच पर स्पेलिंग बताता है, जबकि दूसरा अलग कमरे में हेडफोन लगाकर बैठता है। बाद में दोनों से वही शब्द उसी क्रम में पूछे जाते हैं। 'नेशनल स्पेलिंग बी' की शुरुआत 1925 में वॉशिंगटन डीसी में हुई थी। पहली प्रतियोगिता में सिर्फ 9 बच्चों ने हिस्सा लिया था। 11 साल के फ्रैंक न्यूहॉसर पहले विजेता बने थे और उन्हें 500 डॉलर के सोने के सिक्के पुरस्कार में मिले थे।

## मामले की जांच 6 जनवरी, 2025 को तब शुरू हुई जब पुलिस को चोरी की एक रिपोर्ट मिली

# भारतीय व्यक्ति ने तस्करी की शिकार किशोरी से किया दुष्कर्म

**होटल में काम करने वाले पटेल ने यह स्वीकार किया है कि उसने होटल के ड्रॉअर से पैसे निकालकर तस्करों को दिए, ताकि वह होटल में मौजूद नाबालिगों में से किसी एक के साथ यौन संबंध बना सके। इसके बाद होटल के कर्मचारियों ने तस्करों और नाबालिगों को कई दिनों तक होटल में रहने की अनुमति दे दी।**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिका में 27 साल के एक भारतीय व्यक्ति को मानव तस्करों को पैसे देकर एक नाबालिग लड़की का यौन शोषण करवाने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। गुजरात का रहने वाला कवनकुमार पटेल नेब्रास्का के ओमाहा स्थित एक होटल में काम करता था और उसने पिछले साल जनवरी में उस लड़की को प्रताड़ित किया था।

मामले की जांच 6 जनवरी, 2025 को तब शुरू हुई जब पुलिस को चोरी की एक रिपोर्ट मिली और उन्हें सेक्स ट्रैफिकिंग के सबूत मिले। इसके बाद होमलैंड सिक्योरिटी टास्क फोर्स और ओमाहा पुलिस विभाग के अधिकारियों ने 15 और 16 साल की दो नाबालिग लड़कियों को बरामद किया, जिन्हें दूसरे राज्य से होटल में लाकर व्यावसायिक यौन शोषण के लिए बेचा जाना था।

होटल के दो कर्मचारियों ने एक नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाने के लिए तस्कर को पैसे दिए और होटल के तीसरे कर्मचारी ने दूसरी नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाए।

तस्कर कमर्शियल सेक्स के लिए ऑनलाइन विज्ञापन डालते थे और नाबालिग पीड़ितों को शामिल करके कमर्शियल सेक्स के काम करवाते थे। अटॉर्नी के दफ्तर ने बताया कि नाबालिगों ने शिकायत की कि उन्हें खाने को बहुत कम मिलता था और उन्हें लगता था कि उनके पास निर्देश के मुताबिक सेक्स करने के अलावा कोई और चारा नहीं था। अमेरिका में अवैध रूप से रहा पटेल अपनी जेल की सजा पूरी करने के बाद देश-निकाला का सामना करेगा।

### 'यौन संबंध बनाने के लिए तस्करों को दिए पैसे'

नेब्रास्का में यूएस अटॉर्नी के कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ₹दोनों नाबालिग लड़कियों ने बताया कि उनके तस्करों ने उन्हें निर्देश दिया था कि कमरे का किराया कम करवाने के लिए उन्हें होटल के कर्मचारियों के साथ यौन संबंध बनाने होंगे, वरना उन्हें होटल से बाहर निकाल दिया जाएगा।

# भारत की वाटर स्ट्राइक से पाकिस्तान में हाहाकार

## पानी की भारी किल्लत से जूझ रहा कराची

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पिछले साल पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर भारत ने पाकिस्तान पर वाटर स्ट्राइक की थी। इसके बाद से देश के अंदर जल-सुरक्षा की चिंताएं और बढ़ गई हैं। ऐसे में देश की आर्थिक राजधानी कराची गर्मियों के चरम मौसम में पानी की भारी कमी से जूझ रही है।

जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान के प्रमुख हाफिज नईम-उर-रहमान ने अपनी विरोधी राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (PPP) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पीपीपी पर बिगड़ते जल संकट के कुप्रबंधन का गंभीर आरोप लगाया।

जमात ने यह भी आरोप लगाया कि पीपीपी के नेतृत्व वाली प्रांतीय सरकार वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद कराची में पानी की पुरानी कमी की समस्या को हल करने में पूरी तरह विफल रही है। यह संकट ऐसे समय में सामने आया जब पूरा देश ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार मना रहा था। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा उठाए गए दंडात्मक कदमों के चलते पाकिस्तान पहले से ही बढ़ते दबाव का सामना कर रहा है। गहराते जल संकट पर चिंता जताते हुए जमात-ए-इस्लामी प्रमुख ने कहा कि ईद की छुट्टियों के दौरान हजारों निवासी बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

**एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईद के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए हाफिज नईम ने कहा कि कराची के निवासी बढ़ती नागरिक चुनौतियों के बावजूद अपनी धार्मिक परंपराओं का पालन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमात-ए-इस्लामी ने पूरे शहर में 150 से अधिक स्थानों पर सामूहिक कुर्बानी की व्यवस्था की है।**

**संबोधन :** हेगसेथ ने कहा, दक्षिण एशिया में भारत स्थिति को संभाले रखने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ

# 'भारत बहुत ताकतवर, सेना का आधुनिकीकरण कर रहा'

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा है कि भारत एक बेहद शक्तिशाली देश है और अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। उन्होंने नई दिल्ली को वाशिंगटन की इंडो-पैसिफिक रणनीति के केंद्र में रखते हुए भारत की बढ़ती सैन्य क्षमताओं और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने में उसकी विस्तृत रणनीतिक भूमिका की सराहना की।

सिंगापुर में 'शांगरी-ला डायलॉग' में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए हेगसेथ ने कहा, ₹भारत शक्तिशाली है और अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है।₹ हेगसेथ ने कहा, दक्षिण एशिया में भारत स्थिति को संभाले रखने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप कार्य करने वाला एक शक्तिशाली भारत पूरे क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने के हमारे साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाता है। हेगसेथ ने अमेरिका के सहयोगी देशों और साझेदारों से भी आग्रह किया कि वे अपने रक्षा खर्च और क्षमताओं को बढ़ाएं। उन्होंने कहा, हम अपने सहयोगी देशों और साझेदारों से 3.5 प्रतिशत खर्च करने की मांग करते हैं और हम खुद उस आंकड़े से कहीं ज्यादा खर्च कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हमारा हर एक सहयोगी और साझेदार भी इसी तरह का पक्का इरादा दिखाएगा। उन्होंने आगे कहा, ₹जैसा कि हमारी रणनीति में बताया गया है हम ऐसे सहयोगी देशों के साथ काम करने को प्राथमिकता देंगे जो एक मिसाल कायम करते हैं। यानी, वे देश जो सबसे ज्यादा सक्षम हैं, जिनकी सोच साफ है और जो अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उन देशों के लिए, हम उन्हें लाइन में सबसे आगे रख रहे हैं।

### हेगसेथ ने की भारत की तारीफ

पेंटागन प्रमुख ने भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश उच्च-स्तरीय सैन्य अभियानों को बनाए रखने के लिए भारी औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स क्षमता भी विकसित कर रहा है।

> **वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग पर जोर देते हुए हेगसेथ ने कहा कि दोनों देश सैन्य तत्परता और क्षमता विकास को बढ़ावा देने के लिए सह-उत्पादन की पहल कर रहे हैं। हेगसेथ ने कहा, "हमने क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ सह-उत्पादन करने का भी संकल्प लिया है।"**

### 'भारत के साथ उत्पादन करने का किया वादा'

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने रक्षा औद्योगिक आधार के राष्ट्रीय विनिर्माण को गति दे रहा है। विशेष रूप से संयुक्त रक्षा परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ₹हमने भारत के साथ मिलकर उत्पादन करने का भी वादा किया है, ताकि जैवलिन एंटी-टैंक गाइडेड गोला-बारूद जैसी क्षमताओं को और बेहतर बनाया जा सके। यह हमारी सेनाओं की सामूहिक तैयारी को बेहतर बनाने की दिशा में असली और ठोस कदम हैं। भारत के रक्षा-औद्योगिक विकास को व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा लक्ष्यों से जोड़ते हुए हेगसेथ ने कहा, ₹इस तरह की औद्योगिक ताकत सिर्फ एक दीर्घकालिक लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह एक तत्काल और जरूरी जरूरत है।

# मुंबई में 15 दिन में दूसरी बार महंगी हुई सीएनजी

## 2 की बढ़ोतरी के साथ दाम 86 हुए

**मुंबई, एजेंसी**



महानगर गैस लिमिटेड (MGL) ने मुंबई और आसपास के इलाकों में CNG 2 प्रति किलो महंगी कर दी है। इसके साथ ही घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) के दाम भी 50 पैसे प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (SCM) बढ़ा दिए गए हैं। नई दरें 29-30 मई की आधी रात से लागू हो गई हैं।

यहां CNG की कीमत 84 प्रति किलो से बढ़कर 86 प्रति किलो हो गई है। वहीं, घरेलू PNG की कीमत अब 52 प्रति SCM हो गई है। 15 दिनों में ईंधन के दामों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले 13-14 मई को भी गैस की कीमतों में 2 बढ़ोतरी की गई थी।

कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस के आवंटन में कमी आई है। इस वजह से कंपनी को अधिक लागत वाले बाहरी स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। इसके साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में आई गिरावट ने भी कुल लागत को काफी बढ़ा दिया है।

MGL का दावा है कि नेचुरल गैस अभी भी बाजार में उपलब्ध सबसे किफायती ईंधनों में से एक है। कंपनी के मुताबिक, मुंबई में मौजूदा ईंधन दरों की तुलना में CNG के इस्तेमाल से पेट्रोल के मुकाबले लगभग 45% और डीजल के मुकाबले करीब 12% की बचत होती है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**